आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 141- ● जबलपुर ● मंगलवार, 22 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## ताज पर बैडमिंटन स्टार

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी और वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर वन रह चुकी साइना नेहवाल ने मंगलवार सुबह अपने पति के साथ ताजमहल का दीदार किया।

## जबलपुर जिले में रिकार्ड 77 हजार 191 वैक्सीनेशन

## 91 दिनों के बाद सबसे कम मामले हुए दर्ज, 1167 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामले तेजी से घट रहे हैं। 91 दिनों के बाद पहली बार देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामले 50 हजार से कम आए हैं। इस दौरान 1167 मरीजों ने इस खतरनाक वायरस के आगे दम तोड़ दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बात की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत में कोरोना के 42,640 नए मामले आने के बाद कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 2,99,77,861 हो गई है। वहीं 1167 नई मौतों के बाद कुल मौतों की संख्या 3,89,302 हो गई है। 81,839 नए डिस्चार्ज के बाद कुल डिस्चार्ज की संख्या 2,89,26,038 हुई। मौजूदा समय मेंदेश में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 6,62,521 है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि रिकवरी रेट बढ़कर 96.49 फीसदी हो गया है और दैनिक पॉजिटिविटी रेट 2.56 फीसदी हो गया है। इसके अलावा देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस की 86,16,373 वैक्सीन लगाई गईं, जिसके बाद कुल आंकड़ा 28,87,66,201 हो गया।

# नए वैरिएंट डेल्टा प्लस के मामलों में बढ़ोत्तरी

## दूसरी लहर पर लगाम लेकिन नए वैरिएंट का देश में तेजी से फैलना चिंताजनक

**नई दिल्ली।**

देश में कोरोना की जहां दूसरी लहर अब थमती हुई नजर आ रही है और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को चिंतामुक्त बताया गया है तो वहीं दूसरी ओर भारत में कोरोना को लेकर हालात कुछ और ही नजर आ रहे हैं। कोरोना का नया वैरिएंट डेल्टा प्लस भारत के लिए अब धीरे-धीरे चिंता का विषय बन रहा है। डेल्टा प्लस वैरिएंट से भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया परेशान है। दूसरी लहर पर लगाम कसने के साथ ही डेल्टा प्लस वैरिएंट का देश में तेजी से फैलना बेहद ही चिंता का विषय है। कोरोना की दूसरी लहर में जहां हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवा दी है, तो अब इसके थमने की खबर के साथ कोरोना का नया डेल्टा प्लस वैरिएंट देश में बड़ी ही तेजी के साथ फैल रहा है। ये वैरिएंट भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। अहम बात तो यह है कि भारत के

कई राज्यों में इस नए वैरिएंट के मामले आने शुरू भी हो चुके हैं। देश में इसके सबसे ज्यादा नए मामलों की अगर बात करें तो महाराष्ट्र में डेल्टा प्लस वैरिएंट के 21 मरीज सामने आए हैं। सोमवार को स्वास्थ मंत्री राजेश टोपे ने कहा कि इनमें से 9 मामले रत्नागिरी, 7 जलगांव, 2 मुंबई इसके अलावा 1-1 सिंधुर्दुग, ठाणे और पालगढ़ जिले से है। राजेश टोपे ने कहा कि राज्य सरकार ने अब जीनोम स्क्रिंेसिंग का फैसला किया है और जिले से 100 नमूने लेने कि प्रक्रिया चालू कर दी है। उन्होनें बताया कि 15 मई से अब तक 7,500 नमूने लिए गए हैं जिनमें डेल्टा प्लस के लगभग 21 मामले सामने आए हैं। बतादें कि भारत में डेल्टा प्लस वैरिएंट का पहला मामला मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 65 वर्षीय महिला में पाया गया था। वहीं अब महाराष्ट्र के अलावा केरल के दो जिले में भी इसे देखा गया है। बहुत सी रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि कोविड-19 के अत्याधिक संक्रामक डेल्टा वैरिएंट बी.1.617.2 के डेल्टा प्लस वैरिएंट में बदलने की आशंका है।

### दो राज्यों में उच्च जनसंख्या घनत्व की वजह से बढ़े मामले

देश में कोरोना की दूसरी लहर की रफ्तार अब धीमी हो रही है। लेकिन महाराष्ट्र और केरल में कोरोना के दैनिक मामलों में अभी भी तेजी बरकरार है। महाराष्ट्र कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य रहा है लेकिन केरल ने पहली लहर के दौरान कोरोना पर बहुत नियंत्रण कर लिया लेकिन पिछल दो महीने में वहां भी हालात बिगड़े हैं। महाराष्ट्र में स्वास्थ्य जानकारों ने उच्च जनसंख्या घनत्व और कोविड नियमों के उल्लंघन को सबसे बड़ा कारण बताया है, जिससे राज्य में कोविड के इतने मामले दर्ज हुए। मई में महाराष्ट्र में होने वाली मौत का आंकड़ा देश के मृतकों की संख्या एक चौथाई था। इसके अलावा महाराष्ट्र में कोविड-19 की टेस्टिंग भी काफी बड़ी संख्या में हुई।

## फटाफट खबरें

### धर्मांतरण पर योगी सख्तः दोषियों पर लगेगा रासुका, संपत्ति भी होगी जप्त

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए मामले की तह में जाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने दोषियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई कर उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) में निरूद्ध करने के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों की संपत्ति जब्त कर सख्त कार्रवाई की जाए।।

### प्रशांत किशोर बोले- भाजपा को टक्कर नहीं दे सकता तीसरा या चौथा मोर्चा

**चंडीगढ़।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार से 15 दिनों के भीतर दो बार मुलाकात करने को लेकर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के तीसरा मोर्चा बनाने को लेकर अटकलें जारी हैं। इस बीच प्रशांत किशोर ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि तीसरा या चौथा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को टक्कर दे सकता है। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी मोर्चे में अपनी भूमिका से भी इनकार किया है।

### नुसरत जहां की लोकसभा सदस्यता रद्द करने की मांग

**बदायूं।** बदायूं की भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य ने लोकसभा अध्यक्ष से पश्चिमी बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से टीएमसी सांसद नुसरत जहां की लोकसभा सदस्यता रद्द करने की मांग है। नुसरत हाल ही में निखिल जैन से अपनी कथित शादी तोड़ने को लेकर चर्चा में हैं। लोकसभा अध्यक्ष को भेजे गए पत्र में बदायूं सांसद ने नुसरत जहां पर अमर्यादित आचरण करने का आरोप लगाया है। कहा है कि नुसरत जहां ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ के दौरान अपने नाम का उच्चारण नुसरत जहां रूही जैन के रूप में किया था। लोकसभा की वेबसाइट पर नुसरत जहां के पति का नाम निखिल जैन लिखा है। मालूम हो कि नुसरत जहां ने उद्योगपति निखिल जैन से 19 जून 2019 तुर्की के बोरडम शहर में टर्किश मैरिज रेग्युलेशन एक्ट के तहत धूमधाम से शादी की थी।

## वैक्सीन की कमी से कई राज्य चिंतित

# महाराष्ट्र के बाद धीमी रफ्तार

**नई दिल्ली।**

कोरोना टीकाकरण की नीति में बदलाव करने के पहले दिन ही यानी सोमवार को पुराने सारे रिकॉर्ड टूट गए। सोमवार को 85 लाख से ज्यादा लोगों को टीका लगाया गया, लेकिन राज्यों के लिए यह रिकॉर्ड आगे बनाए रखना मुश्किल होगा। कई राज्यों ने स्वीकार किया कि अगर उन्हें केंद्र सरकार से नियमित वैक्सीन मिलती रहेंगी, तो वे तेजी से टीकाकरण जारी रखेंगे, लेकिन अगर वैक्सीन नहीं मिलती है, तो टीकाकरण फिर से धीमा पड़ सकता है। कोविन पोर्टल पर उपलब्ध रात 12.30 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, देश में सोमवार को 85 लाख 15 हजार 765 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इससे पहले, 5 अप्रैल को 43 लाख से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाई गई थी। कोविड टीकाकरण अभियान की इस गति को आगे भी बनाए रखने के लिए आगामी नौ दिन में करीब 7.2 करोड़ वैक्सीन की

आवश्यकता होगी, लेकिन कई राज्यों के पास कोरोना वैक्सीन का पर्याप्त स्टॉक नहीं है। केंद्र सरकार कोविड वैक्सीन खरीदने की प्रक्रिया में है, लेकिन समय पर पर्याप्त टीकों की आपूर्ति हो पाएगी, इस पर राज्यों को संदेह है।

पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश समेत गैर भाजपा शासित राज्य सरकारों ने वैक्सीन की कमी का हवाला देते हुए सभी के लिए मुफ्त टीकाकरण अभियान शुरू नहीं किया, लेकिन यह स्पष्ट था कि केंद्र सरकार और अन्य राज्य सरकारें कोविड टीकाकरण अभियान के नए चरण को सफल बनाना चाहती थीं। हालांकि, इस गति को आगे भी जारी रख पाएंगी, यह वैक्सीन के स्टॉक पर निर्भर करता है। देश में सोमवार को जितने लोगों को टीका लगाया गया, उससे कम कम आबादी वाले दुनिया में 134 देश हैं। इनमें हांगकांग, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, कुवैत, नार्वे और फिनलैंड जैसे देश शामिल हैं।

### अमेरिका को छोड़ा पीछे

भारत ने इस मामले में अमेरिका को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। अमेरिका में अब तक एक दिन में सर्वाधिक 40 लाख लोगों को वैक्सीन लगाई गई। यह रिकॉर्ड 4 अप्रैल को दर्ज हुआ था। ऑस्ट्रेलिया में अब तक कुल 6.87 लाख डोज लगे हैं। इससे करीब डेढ़ गुना भारत में एक दिन में ही लगा दिए गए।

# कांग्रेस के श्वेतपत्र पर छिड़ी जंग

## राहुल बोले सरकार फेल, संबित ने कहा चिढ़ क्यों ?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार पर हमला बोला। राहुल ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर आनी तय है, ऐसे में सरकार को अभी से ही तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। राहुल गांधी ने कांग्रेस की ओर से श्वेत पत्र जारी करते हुए सरकार से गलती सुधारने की मांग की। राहुल गांधी ने कहा कि श्वेत पत्र जारी करने का मकसद सरकार को रास्ता दिखाने है। मीडिया को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दूसरी लहर के लिए सरकार को चेताया था, लेकिन सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। दूसरी लहर संभालने में सरकार विफल रही है। इस पर संबित पात्रा ने पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी कोरोना के हर मोर्च पर राजनीति कर रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि पहले राहुल कांग्रेस शासित प्रदेशों में जाकर वैक्सीनेशन का जायजा लें। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल पूछते हुए कहा कि पंजाब में हुए वैक्सीन घोटाले पर राहुल चुप क्यों हैं? इसके अलावा संबित पात्रा ने यह भी कहा कि जब भी हिंदुस्तान में कुछ अच्छा होता है और देश अच्छा परफॉर्म करता है, तो कहीं न कहीं कांग्रेसियों को उससे चिढ़ होती है। राहुल गांधी से रुका नहीं जाता और वो पूरे विषय पर एक प्रश्नचिन्ह लगाने का काम करते हैं।

## धर्मांतरण रैकेट के भंडाफोड़ पर सियासत, आप बोली रिहा करो

**नई दिल्ली। (एजेंसी)।**

उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़ करने के बाद अब इस मामले में सियासत भी शुरू हो गई है। उत्तरप्रदेश पुलिस ने जबरन धर्मांतरण कराने के मामले में दो आरोपियों मोहम्मद उमर गौतम और मुफ्ती काजी जहांगीर कासमी को सोमवार को गिरफ्तार किया था। इसे मामले को सियासी रंग देते हुए आम आदमी पार्टी भी मैदान में सामने आ गई है। आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह

खाने ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी को संवैधानिक अधिकारों पर हमला बताया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने ट्वीट करके कहा है कि भाजपा देश के अल्पसंख्यकों और दलितों पर जुल्म करने से नहीं चूक रही है।

## महबूबा बोलीं-हम सब जाएंगे बैठक में

**जम्मू।** दिल्ली में सर्वदलीय बैठक से पहले मंगलवार को गुपकार गठबंधन के नेताओं की बैठक हुई। इसमें सर्वदलीय बैठक को लेकर रणनीति तैयार की गई। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने अपने आवास पर पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन (पीएजीडी) की बैठक की अध्यक्षता की। इसके बाद वह पत्रकारों से रूबरू हुए। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी समेत वह सभी दल शामिल होंगे, जिन्हें न्योता मिला है। हमें कोई एजेंडा नहीं दिया गया है, इसलिए प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के सामने हम अपना पक्ष रखेंगे। पीडीपी मुखिया महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हमसे जो छीन लिया गया है, हम उसके बारे में बात करेंगे। महबूबा का इशारा अनुच्छेद-370 की तरफ था। इसके साथ

वहीद पारा का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि राजनीतिक बंदियों को रिहा किया जाना चाहिए। वह कैदियों की रिहाई पर जोर देंगी। बैठक में पहुंचे पीएजीडी सदस्य मुजफ्फर शाह ने कहा कि हम पीएम की ओर से बुलाई गई बैठक और उसके एजेंडे पर फैसला करेंगे। हम अनुच्छेद-370 और 35-ए के बारे में भी बात करेंगे। बता दें कि अब्दुल्ला पीएम मोदी की बैठक के लिए आमंत्रित 14 नेताओं में शामिल हैं। वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ केंद्र के साथ इस तरह की पहली बातचीत पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला बैठक को लेकर पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वे प्रस्तावित बैठक को लेकर जम्मू और कश्मीर में चल रही राजनीतिक घटनाक्रम की पल-पल की जानकारी हासिल कर रहे हैं।

## कोरोना हर चीज का बहाना नहीं 15 सितंबर तक कराएं इलेक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु में स्थानीय निकाय चुनावों को कोविड-19 के मद्देनजर टालने की राज्य चुनाव आयोग की मांग को ठुकरा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम समझते हैं कि जब तक राजनीतिक दल तैयार नहीं होंगे, वे चुनाव नहीं चाहेंगे। जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अवकाशकालीन पीठ ने तमिलनाडु राज्य चुनाव आयोग को नवगठित नौ जिलों में स्थानीय निकाय चुनाव 15

सितंबर तक कराने का पूरा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह बेहतर होगा कि कोरोना की तीसरी लहर आने से पहले चुमाव संपन्न हो जाए। साथ ही सुप्रीम ने कहा कि कोविड को हर चीज के लिए बहाना नहीं बनाया जा सकता। वकील पीएस नरसिंहा ने पीठ से कहा कि राज्य में कोविड की स्थिति ठीक नहीं

## कैबिनेट मीटिंग में सीएम शिवराज ने वैक्सीनेशन महाअभियान पर सभी को दिया धन्यवाद

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट की बैठक के दौरान मध्य प्रदेश में वैक्सीनेशन महा अभियान के सफल क्रियान्वयन पर आप सबको प्रदेश की जनता, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, सामाजिक संस्थाओं को हृदय से धन्यवाद देता हूं। सीएम ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हमें पर्याप्त डोज उपलब्ध कराए। जब से प्रधानमंत्री ने इस अभियान को अपने हाथों में लिया है तब से राज्यों को वैक्सीन के डोज सुलभता से उपलब्ध हो रहे हैं। वैक्सीनेशन जिंदगी है, हम जिंदगी के डोज लगा रहे हैं, इससे बड़ा कुछ और काम नहीं हो सकता। अभियान के प्रथम दिन 16 लाख 95 हजार डोज प्रदेश में लगाए गए हैं।

## भारत बायोटेक ने सौंपा कोवेक्सीन का डाटा



**हैदराबाद।** कंपनी भारत बायोटेक ने कोवाक्सिन के तीसरे चरण के क्लिनिकल परीक्षण का डाटा भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) को सौंप दिया है। अब डीसीजीआई मंगलवार को इन आंकड़ों की समीक्षा करेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ भारत बायोटेक की प्री-सबमिशन बैठक से पहले आंकड़ों की समीक्षा बैठक हो रही है ताकि कोरोना वैक्सीन कोवाक्सिन को मंजूरी दी जा सके।

## समन्वय समिति और कैप्टन के बीच डेढ़ घंटे की बैठक

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस की अंतर्कलह को सुलझाने के लिए कैप्टन अमरिंदर सिंह मंगलवार को संसद पहुंचे। उन्होंने पार्टी की तीन सदस्यीय समिति से मल्लिकार्जुन खड़गे के दफ्तर में मुलाकात की। मुलाकात करीब डेढ़ घंटे चली। कैप्टन अमरिंदर सिंह की सोनिया गांधी के साथ होने वाली बैठक पर पंजाब कांग्रेस के नेताओं की नजरें टिकी हैं। बेअदबी से लेकर विधायकों के बेटों को नौकरी तक के फैसलों के कारण अपनी ही पार्टी में घिरे कैप्टन को आलाकमान का कितना साथ मिलेगा, इसी पर नवजोत सिद्धू का भविष्य भी टिका है।

### छह मंत्री और विधायक भी दिल्ली तलब

समिति ने पंजाब के छह मंत्रियों और छह विधायकों को भी दिल्ली बुलाया है। मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, रजिया सुल्ताना, सुख सरकारिया, चरनजीत सिंह चन्नी और भरत भूषण आशू के अलावा विधायक परगट सिंह, राजा वड़िंग, कुलजीत नागरा, किकी ढिल्लो, संगत सिंह गिलजियां और इंदरबीर सिंह बुलारिया को तीन सदस्यीय समिति ने दिल्ली बुलाया है। इन नेताओं में ज्यादातर वही चेहरे हैं, जो मुख्यमंत्री द्वारा दो विधायकों के बेटों को सरकारी नौकरी देने का विरोध किया था। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के बाद पंजाब कांग्रेस में बड़ा उलटफेर हो सकता है।

## खगोलीय घटना के पीछे ये है रहस्य

# 24 जून को आसमान में दिखेगा स्ट्रॉबेरी मून

**नई दिल्ली।** इस वर्ष 24 जून को ग्रीष्म संक्राति के बाद की पहली पूर्णिमा है और इस दिन एक अनोखी खगोलीय घटना दिखाई देगी। आसमान में 24 जून में चंद्रमा स्ट्रॉबेरी के रंग में दिखाई देगा। इसलिए इस घटना को स्ट्रॉबेरी मून कहा जाता है। चंद्रमा अपनी कक्षा में पृथ्वी से निकटता के कारण अपने सामान्य आकार से काफी बड़ा दिखाई देगा, तब इसे स्ट्रॉबेरी मून कहेंगे। इस पूर्णिमा के चांद को सुपरमून नहीं माना जाता है, जैसा कि मई माह में देखने को मिला था।

### हाल ही में दिखी हैं कई खगोलीय घटनाएं

हाल ही के दिनों में कई खगोलीय घटनाएं देखने को मिली है। बीते दिनों में सुपरमून, ब्लडमून, चंद्र ग्रहण और फिर रिंग ऑफ फायर सूर्य ग्रहण दिखाई दिया था। अब 24 जून में

स्ट्रॉबेरी मून भी बहुत खास होगा। हिंदू पंचांग के मुताबिक स्ट्राबेरी मून वसंत ऋतु की अंतिम पूर्णिमा और ग्रीष्म ऋतु की पहली पूर्णिमा का प्रतीक है।

### इसलिए कहते हैं स्ट्रॉबेरी मून

स्ट्रॉबेरी मून का नाम दरअसल प्राचीन अमेरिकी जनजातियों से नाम मिला है, जिन्होंने स्ट्रॉबेरी के लिए कटाई के मौसम की शुरुआत के साथ पूर्णिमा को चिह्नित किया था। यूरोप में स्ट्रॉबेरी मून को रोज मून कहते हैं, जो गुलाब की कटाई का प्रतीक है। उत्तरी गोलार्ध में इसे गर्म चंद्रमा भी कहते हैं क्योंकि यह भूमध्य रेखा के उत्तर में गर्मी के मौसम की शुरुआत करता है।

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक मोड़ पर फिर सकता है पानी

**साउथम्पटन।** इंडिया-न्यूजीलैंड के बीच इंग्लैंड के साउथम्पटन में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। आज मैच का पांचवा दिन है। मैच का फाइनल मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। मैच का नतीजा किसी भी टीम के फेवर में जा सकता है, लेकिन मैच पर मौसम कहर बनकर टूट रहा है। साउथम्पटन में लगातार बारिश हो रही है। चौथे दिन यानी सोमवार को सुबह से ही बारिश हो रही है, ऐसे में अंपायरों ने लगभग साढ़े चार घंटे तक इंतजार करने के बाद खेल समाप्त करने एलान कर दिया। आज पांचवे दिन का मैच है, लेकिन बारिश की वजह से मैच नहीं होने की संभावना है। खेल का अधिकांश हिस्सा बारिश की वजह से प्रभावित रहा है। अभी तक के मैचों को देखा जाए तो कीवी टीम ज्यादा मजबूत नजर आ रही है। हालांकि भारत की गेंदबाजी को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता है।

## अधबने मकान ,खुली छत ,लोग परेशान

# 5 हजार हितग्राही कर रहे तीसरी किश्त का इंतजार

**जबलपुर । पीएम आवास के तहत बीएसयू योजना के तहत ढाई लाख के अनुदान के भरोसे अपने मकान का सपना देखने वालों के लिए यह योजना मुसीबत बन चुकी है। अब मानसून आ गया है। अधबने मकान खुली छत के कारण लोग परेशान है क्योंकि अब बारिश का पानी उनके सामान को खराब कर देगा।**

शहर के साढ़े8 हजार हितग्राहियों में से 5 हजार हितग्राही ऐसे हैं जिन्होंने अपने मकान कंपलीट कर तीसरी किश्त का इंतजार कर रहे हैं,इसके लिए उन्होंने ब्याज पर पैसे उठाए मगर उन्हें तीसरी किश्त नहीं मिल पाई है। कोरोना काल के पूर्व मिशन नगरोदय में शहर के 777 पीएम आवास के बीएसयू हितग्राहियों के लिए पहली और दूसरी किश्त देने के लिए राशि स्वीकृत हुई है। ये वे हितग्राही हैं जिन्होंने या तो पहली किश्त पाई ही नहीं है या पहली किश्त पाकर मकानों की दीवारें खड़ी कर ली हैं और छत डालने दूसरी किश्त का इंतजार कर रहे हैं।

### ये हैं नियम

हितग्राहियों को नगर निगम के आवास विभाग से नियम बताया गया है कि मकान के पूरी तरह से कंपलीट होने के बाद ही तीसरी किश्त दी जाएगी। इसमें बनाए गए मकान में बाकायदा रंग-पेंट होना चाहिए व मकान में किचिन व टॉयलेट अनिवार्य रूप से होना चाहिए। जाहिर है कि दो किश्तों यानि 2 लाख रुपए में इतना नहीं हो सकता लिहाजा बाकी काम कंपलीट करने के लिए लोगों ने ब्याज पर पैसा उठा लिया इस उम्मीद में कि तीसरी किश्त मिलते ही राशि चुका देंगे। अब उन्हें साल या डढ़ साल या इससे अधिक समय हो चुका है और वे हर महीने कर्ज ली राशि का ब्याज भरते जा रहे हैं और मूल रकम खड़ी है।

### अधिकारी नहीं जारी करें तीसरी किश्त

शासन से निर्देश आए हैं कि जब तक केन्द्र शासन से तीसरी या अंतिम किश्त जारी न हो किसी भी हितग्राही को अंतिम किश्त जारी न की जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि पहले कई हितग्राहियों को तीसरी किश्त जारी की गई है। तीसरी किश्त जारी करने पर अधिकारी से वसूली के निर्देश हैं,लिहाजा अब केन्द्र से जब तक अंतिम किश्त जारी नहीं होती हितग्राहियों को ये नहीं मिलेगी।

### अधूरे मकानों में रहने का दंश

शहर के अलग-अलग हिस्सों में इस योजना के तहत लोगों में से किसी को पहली तो किसी को दूसरी किश्तें दी गई हैं। जिन्हें कर्ज मिला उन्होंने तो अपने मकान कंपलीट कर लिए मगर जिन्हें नहीं मिला वे दीवारों की चारदीवारी के अंदर बिना छत के रह रहे हैं,कोई टीन डाले है तो किसी ने तिरपाल तानी हुई है। वे इंतजार कर रहे हैं कि उन्हें किश्त जारी हों तो काम आगे बढ़ाएं।

### फिर ठगी गई जनता

जबलपुर के चेरीताल क्षेत्र में रहने वाली श्रीमती मीना बाई और विनोद का खुद का मकान था.कच्चा था पर अपना था. उसे भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान के लिए सरकार ने राशि देना का भरोसा दिलवाया. और डेढ़ लाख रुपए आ भी गए जिससे उन्होंने अपने घर के सपने को साकार करने का काम किया और दीवारें खड़ी कर दीं परंतु अब तक एक लाख रुपए की आखिरी किश्त नहीं आने से बड़ी दिक्कतें आ रहीं हैं। गर्मी तो जैसे तैसे काट ली पर अब बरसात कैसे कटेगी यही सोचकर उनकी नींद उड़ी हुई है लैंटर नहीं पड़ा है और वे खुले आकाश में पन्नी तान कर रहे हैं।

### अधूरा सपना, कब होगा पूरा ?

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शिवराज सरकार ने प्रदेश की जनता को एक सपना दिखाया था . उनका एक अपना घर होगा. इस योजना को लेकर जनता ने अपने कच्चे मकान को छोड़कर पक्का मकान बनवाने की हामी भी भर दी. आज सरकार की योजना के सामने जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है.। **फोटो: अशोक बर्मन**

# जबलपुर में बारिश का यलो अलर्ट

**जबलपुर,यशभारत।** पूर्वी मध्य प्रदेश में जून की शुरुआत में मानसून जमकर बरसा, लेकिन अब बारिश नहीं होने से उमस लोगों को परेशान कर रही है। पश्चिमी मध्यप्रदेश में अभी भी तेज बारिश का इंतजार है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले तीन दिन तक गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। लो-प्रेशर एरिया नहीं बनने के कारण ऐसा हो रहा है। वैसे 22 से 24 जून के बीच संभागों में कुछ जगह गरज-चमक के बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। मौसमपहले बंगाल और फिर अरब सागर से मानसून मध्यप्रदेश में प्रवेश किया था। अब कहीं भी लो प्रेशर एरिया नहीं बन रहा है। ऐसे में मानसून कमजोर हो गया है। इसी कारण ज्यादा बारिश नहीं हो रही है। लो-प्रेशर के बनते ही बारिश होने लगेगी। मौसम विभाग ने जबलपुर समेत संभाग के कुछ इलाकों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। यहां तेज आंधी तूफान के साथ बिजली गिरने व बारिश की संभावना है।जून की शुरुआत में बारिश अच्छी होने के कारण औसत से अधिक बारिश रिकॉर्ड हुई थी, लेकिन धीरे-धीरे यह गिरने लगा। मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से 22 जून की सुबह तक 82.1 मिलीमीटर पानी गिर चुका है जो पिछले साल के मुकाबिलेतक 26.9 मिलीमीटर ज्यादा पानी गिर चुका था। मौसम विभाग के प्रवक्ता का कहना है कि 24 जून के बाद बारिश के अच्छे आसार हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 34.1 था। जबकि आज का न्यूनतम तापमान 25.9 डिसे था। हवा का रूख पश्चिमी और वेग 5 से 6 किलो मीटर था।

## जनेकृविवि के राष्ट्रीय वेबिनार में अन्तर्राष्ट्रीय योगगुरू बाबा रामदेव के उद्गार

# योग से आयेगी विश्व शांति : विश्व कल्याण का महामंत्र

**जबलपुर ।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विष्वविद्यालय में ''कोविड-19 में योग द्वारा सतत् स्वस्थ जीवन शैली'' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में अन्तर्राष्ट्रीय योगगुरू बाबा रामदेव ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि पूरे विष्व के कल्याण का महामंत्र है योग। भारत कृषि प्रधान देष है। भारत की ऋषि और कृषि परम्परा का मूल है योग। विष्व शान्ति सहित दुनिया की तमाम समस्याओं का समाधान योग में निहित है। आज समाज में अनेक विद्रूपतायें विद्यमान हैं, इसलिये नषा, हिंसा और कुंठा मुक्त समाज बनाने की जरूरत है जो कि योग से संभव है। सुखी और निरोगी काया हेतु बाबा ने कपालभाती, अनलोम विलोम और प्राणायम जैसे अनेक योगासनों को अपनाने की सलाह दी। योगगुरू ने आगे कहा कि देष में हरित क्रांति लाने और विष्व में मध्यप्रदेष को सोया राज्य दर्जा दिलाने जनेकृविवि का महत्वपूर्ण और एतिहासिक योगदान है। यह तीन विष्वविद्यालयों का जनक है। मैं एक बार यहां आ चुका हूँ और पुन: आने की इच्छा रखता हूँ। वेबिनार के अध्यक्ष कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन योग हमारे ऋषि मुनियों की मानव जाति को अमूल्य उपहार है। योग धर्म नहीं जनकल्याण का विज्ञान है। ''हेल्थ इज दा डिजिट नम्बर वन'' योग साधक संकट में भी धैर्य नहीं खोता और ना ही अवसाद गस्त होता है। आयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा ने स्वागत भाषण में बाबा रामदेव की उपस्थिति को अभूतपूर्व करार दिया। द्वितीय तकनीकी चरण में डॉ. परिमल स्वामी एमडी (डायबिटीज विषेषज्ञ), योगेन्द सिंह कुषवाहा अन्तर्राष्ट्रीय योग एक्सपर्ट एवं डॉ. स्मिता जैन सायकोलॉजी विभाग शास. एम.के.बी. कालेज ने अपने-अपने सामयिक व्याख्यान प्रस्तुत किये। वेबिनार में विवि के कुलसचिव श्री रेवासिंह सिसोदिया और सैकड़ों अधिकारी, संचालकगण, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्रगण सहित देषभर से प्रतिभागी आनलाइन शामिल हुये। कार्यक्रम का संचालन सुश्री झिलिक बैनर्जी एवं आभार प्रदर्षन संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ अमित कुमार शर्माए अधिष्ठाता छात्र कल्याण जिनके विशेष प्रयासों से स्वामी रामदेव वेबीनार के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

### महिला साधकों द्वारा योग

कान्यकुब्ज सभा भवन में महिला साधकों द्वारा योग दिवस विनीता अग्रहरि, सविता नायडू ,मोहनी नूरजानी शिप्रा अग्रवाल ।राजुल बड़कुर के मार्गदर्शन में मनाया गया।

### ''सर्वे भवन्तु सुखिन : सर्वे सन्तु निरामय :''

### एक साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

जबलपुर। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति श्री मोहम्मद रफीक के कुशल मार्गदर्शन एवं न्यायमूर्ति श्री प्रकाश श्रीवास्तव प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा प्रात: 11 बजे संपूर्ण प्रदेश में एक साथ ''योग, मानसिक स्वास्थ्य तथा विधिक जागरूकता शिविर'' का आयोजन किया गया। शिविर प्रदेश की समस्त जेलों, बालगृहों, नशामुक्ति केन्द्रों एवं चयनित विवाद विहीन ग्रामों में आयोजित किये गये। इस वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण काल के दौर में योग एवं प्राणायाम के माध्यम से निश्चित तौर पर प्रतिरोधक क्षमता का विकास होगा एवं शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पडेगा।

### 7 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पाँच दिवसीय कार्यक्रम का समापन

सातवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय योग विभाग द्वारा मान. कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता, प्रो. रामशंकर, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, संकायाध्यक्ष, कला संकाय, प्रो. अलका नायक, पूर्व कुलपति, प्रभारी कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्र एवं विभागाध्यक्ष योग विभाग प्रो. भरत कुमार तिवारी की विशेष उपस्थिति में पाँच दिवसीय कार्यक्रम का समापन ऑनलाईन माध्यम से सप्तम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2021 के अवसर आज किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. कपिल देव मिश्र ने इस सम्पूर्ण आयोजन की सराहना की। सर्वप्रथम स्वागत उद्बोधन प्रो. भरत तिवारी ने दिया तथा सभी अतिथियों द्वारा आशीर्वचन दिया गया।इस पॉच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित नाना प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे योग थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, योग प्रदर्शन आदि में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में योग विभाग के डॉ. राजेश पाण्डेय, डॉ. राकेश गोस्वामी, डॉ. वर्षा अवस्थी एवं डॉ. वंदना यादव का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीना मिश्रा ने किया।

डॉ शर्मा ने स्वामी रामदेव जी के सानिध्य को विश्वविद्यालय के लिए अभूतपूर्व बतलाया एवं कोविड संक्रमण के दौरान योग युक्त जीवन शैली को छात्रों हेतु अति आवश्यक निरूपित किया।

## ड्राइविंग लाइसेंस के लिए सुविधा

### अब ड्राइविंग स्कूल से ट्रेंड व्यक्ति को लाइसेंस बनवाने नहीं देना पड़ेगा टेस्ट

**जबलपुर। ड्राइविंग स्कूल में ट्रेंड व्यक्ति को परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) बनवाने के लिए टेस्ट नहीं देना पड़ेगा। इधर, कोकता में बनाई गई नई आरटीओ बिल्डिंग में ड्राइविंग स्कूल शुरू होते ही यह सुविधा उसमें ट्रेनिंग लेने वाले आवेदकों को मिलने लगेगी।**

केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी करते हुए जुलाई से यह सुविधा आवेदकों को देने के निर्देश मप्र सहित सभी राज्यों को दिए हैं। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर मुकेश जैन का कहना है कि जिन स्थानों पर हमारे ड्राइविंग स्कूल खुल चुके हैं, वहां पर ट्रेनिंग लेने वाले आवेदकों को इस सुविधा का फायदा मिल सकेगा। प्रदेश के सभी शहरों में भी बिना संसाधनों वाले कई प्राइवेट संस्थान भी ड्राइविंग की ट्रेनिंग दे रहे हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं, जिनके पास परिवहन विभाग की मान्यता तक नहीं हैं। इसके बाद भी वे आवेदकों को दस दिन की ट्रेनिंग देकर सर्टिफिकेट तक दे देते हैं। लेकिन वह सर्टिफिकेट मान्य नहीं होता और उसे लगाने वाले आवेदकों को आरटीओ के टेस्ट में कोई प्राथमिकता नहीं मिलती।

# महंगाई के नाम पर बसों में वसूल रहे दोगुना किराया

**जबलपुर,यशभारत।** कोरोना महामारी आने के बाद जब से बसों का संचालन बंद हुआ है तब से बस आपरेटर मनमर्जी पर उतर आए हैं। वह यात्रियों से तय किराए की जगह मनमर्जी का किराया वसूला जा रहा है। परिवहन विभाग ने प्रति किलोमीटर के हिसाब से किराया तय कर रखा है, इसके बाद भी बस आपरेटर प्रति किमी दोगुना किराया यात्रियों से वसूल रहे है। जिसे लेकर बस आपरेटरों और यात्रियों के बीच बहस और झगड़े तक होने लगे हैं। जब कोई यात्री मनमाना किराया मांगे जाने पर नहीं देता तो उसे बीच रास्ते में ही उतारने की धमकी दी जाती है। जिससे डरकर लोग मांगा गया किराया देने पर मजबूर हैं। जबकि यातायात विभाग की ओर से अभी तक प्रति किमी किराया लिया जाता है। जिसमें बढ़ती महंगाई के चलते 25 फीसदी और बढ़ोतरी किए जाने की योजना बनाई गई। लेकिन 25 फीसदी तो दूर दोगुना किराया ये बस आपरेटर यात्रियों से वसूल रहे हैं।

बता दें कि अगर जबलपुर से सिहोरा आना होगा तो सौ से देख सौ रुपये मांगे जाते हैं। अगर डिंडौरी के लिए जाना है तो 2 सौ रुपये मांगे जा रहे हैं। जबकि जबलपुर से सिहोरा 40 किमी है और डिंडौरी करीब 50 किमी है। अगर जबलपुर से नरसिंहपुर जाना है तो उसके लिए 200 रुपये देने पड़ रहे हैं। यहीं हाल जबलपुर से दमोह की ओर जाने वाली बसों में यात्रियों को बस आपरेटरों की मनमर्जी झेलनी पड़ रही है। जबलपुर से नरसिंहपुर करीब 100 किमी है, लेकिन किराया 200 रुपये वसूला जा रहा है। इतनी मनमर्जी के बाद भी विभागीय अधिकारी इन मनमर्जी करने वाले बस आपरेटरों पर कार्रवाई से अनदेखी करते है।

किराया सूची लगाने के निर्देश पर नहीं लगा रहे परिवहन विभाग ने बस आपरेटरों को तय किराया सूची अपनी बसों में चस्पा करने के निर्देश हैं। इसके बाद भी बस आपरेटर सूची नहीं लगा रहे हैं। जब यात्रियों से ज्यादा किराया मांगा जाता है तो वह आरटीओ कार्यालय जाकर देखने की बात कह देते हैं। जिसे लेकर कुछ यात्रियों के बीच रोजाना बसों में बहस हो रही है। दो दिन पहले जबलपुर से दमोह की और आ रहे एक दंपती से बस आपरेटर के बीच किराए को लेकर झगड़ा हो गया। जिससे दो लोगों के पांच सौ रुपये मांगे गए। जब दंपती ने देने से इनकार कर दिया तो कंडेक्टर बीच में उतारने का धमकी देने लगा। बाद में दंपती ने किराया सूची मांगी तो नहीं होने की बात कहकर बहस करता रहा।

बस आपरेटर कोरोना प्रोटोकाल की उड़ा रहे धज्जियां- कोरोना कर्फ्यू के बाद बसों का संचालन प्रशासन ने शर्तो के साथ शुरू कराया है। जिसमें बस आपरेटर यात्रियों को भीड़ के रूप में नहीं भरेंगे। मास्क लगाकर सफर करेंगे। अगर किसी बस के यात्री बिना मास्क के दिखे तो उक्त बस का परमिट रद्द किया जा सकता है। इतना होने के बाद भी न तो बसों में यात्रियों के यहां मास्क लगवाया जा रहा है और न ही शारीरिक दूरी का पालन कराया जा रहा है। अगर इसी तरह से चलता रहा तो कोरोना संक्रमण का खतरा फिर बढ़ सकता है। किराये को लेकर हमने सूची चस्पा करा दी हैं। साथ ही बस आपरेटरों को सूची लगाने के निर्देश दिए हैं। अगर बस आपरेटर किराए के नाम पर ज्यादा पैसा वसूलता है और शिकायत होती है तो कार्रवाई की जाएगी।

**संतोष पाल आरटीओ, जबलपुर**

## साइबर सुरक्षा एवं साइबर क्राइम विषय पर कार्यशाला

### जुड़े हुए पहलुओं को विस्तार से समझाया

जबलपुर। चार्टर्ड एकाउंटेंट की जबलपुर ब्रांच एवं गोरखपुर, बुलंदशहर ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में आज साइबर सुरक्षा एवं साइबर क्राइम विषय पर कार्यशाला आयोजित कि गई। विगत 28 वर्षों से आईटी डाटा सेंटर एवं क्लाउड कम्प्यूटिंग के साइबर टेक्नोलॉजी कि विभिन्न शाखाओं से जुड़े हुए एडवोकेट शुभाशीष बिस्वास ने इस कार्यशाला के प्रमुख वक्ता के रूप मैं सीए सदस्यों को साइबर सिक्युरिटी एवं साइबर क्राइम से जुड़े हुए पहलुओं को विस्तार से समझाया। एवं फिशिंग, हैकिंग, स्पूफिंग जैसे

साइबर अपराध से बचने कि लिए सुरक्षित वेब ब्राउजिंग कि तकनीकियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सीए अभय छाजेड थे।संयोजक सीए सुकेश कुमार ने बताया कि लॉक डाउन के दौरान साइबर हैकिंग जैसी घटनाओं कि स्वाभाविक रूप से कमी थी किंतु जैसे ही कार्यालय/बैंक/वित्तीय संस्थान खुले वैसे ही साइबर अपराधों कि संख्या भी बढ़ने लगी। सीए सदस्यों ने साइबर टेक्नीक समझकर साइबर सुरक्षा के गुर सीखे। इस विषय पर शाखा कि अध्यक्ष सीए मधु अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम कि रूपरेखा सीए सदस्यों व उनके क्लाइंट के डिजिटल सुरक्षा को ध्यान मैं रखते हुए बनाई गई थीं जिसमें बड़ी संख्या मैं सदस्यों कि उपस्थिति रही कार्यक्रम के अंत में सीए सुकेश चोरडिया ने आभार व्यक्त किया।

# रादुविवि नए सत्र से शुरू होंगे 37 सर्टिफिकेट कोर्स

**जबलपुर। रानी दुर्गावती विवि में आगामी सत्र 2021-22 से गर्भ संस्कार और राम रचित मानस विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होने जा रहा है। यह पाठ्यक्रम अपने आप में अनोखा और धर्म संस्कृति, जीवन व्यवहार से जुड़ा होगा।**

यह निर्णय विवि कुलपति प्रो कपिल देव मिश्र द्वारा मंगलवार को आयोजित हुई स्थायी समिति की बैठक में लिया गया है। सर्टिफिकेट कोर्स 3 महीने से 1 साल की अवधि तक के है। इन कोर्स को पढ़ाने के कॉलेजों को अलग से शिक्षकों की नियुक्तियां करना होगा। जानकारी के अनुसार नए सत्र से 37 नए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू विवि द्वारा शुरू किए जा रहे है। इस पर समिति ने सहमति दी है। कैमिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन, फिजिक्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर साइंस, वूमन स्टडी सेंटर, स्किल डेवलपमेंट, हिंदी, संस्कृत और इतिहास विषय में सर्टिफिकेट कोर्स शामिल है।प्रबंधन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार युवा वर्ग हिंदी विषय के रामचरित्र मानस का प्रासंगिक, संस्कृत में कर्मकांड, भागवत गीता, और इतिहास में गांधी दर्शन विषय में अधिक रूचि ले रहे है। युवाओं को विवि द्वारा नए सर्टिफिकेट कोर्स के संबंध में जानकारी मिलते ही एडमीशन की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इसके अलावा साइबर सिक्योरिटी और स्किल डेवलपमेंट के कोर्स में भी युवाओं की रूचि अधिक देखने को मिल रही है।

# ग्राम पंचायत उमरिया चौबे , कंदराखेड़ा में हुआ सौ फीसदी वैक्सीनेशन

**जबलपुर,।** जिले के पनागर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरिया चौबे और ग्राम पंचायत कंदराखेड़ा में लोगों को सौ-फीसदी कोरोना का टीका लगाया जा चुका है। इस प्रकार पनागर विधानसभा में अब तक पाँच ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। विधायक सुशील तिवारी इन्दु ने ग्राम पंचायत उमरिया चौबे पहुंचकर सौ-फीसदी टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने पर ग्रामीणों और टीकाकरण कार्य में लगे कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिये अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 5 लाख रूपये की राशि ग्राम पंचायत में विकास कार्य के लिये प्रदान करने की घोषणा की है। ग्राम पंचायत को जल्दी ही यह राशि प्रदान कर दी जायेगी। तहसीलदार पनागर नीता कोरी ने बताया कि

आज सोमवार 21 जून को ग्राम पंचायत उमरिया चौबे की मतदाता सूची में दर्ज 1244 व्यक्तियों में से एक हजार 121 लोगों को टीका लगाया गया। जबकि शेष 123 व्यक्तियों में गर्भवती महिलायें, मृत व्यक्ति, कोरोना से हाल ही में स्वस्थ हुये और ग्राम से बाहर निवासरत वेक्सीनेटेड व्यक्ति शामिल है।इस प्रकार ग्राम पंचायत उमरिया चौबे शत-प्रतिशत वेक्सीनेटेड पंचायत बन गई है। ग्राम पंचायत उमरिया चौबे के प्रधान और पंचायत सचिव ने सौ-फीसदी वेक्सीनेटेड पंचायत होने का प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया है। ग्राम पंचायत कंदराखे?ा में भी सौ-फीसदी लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने जिले की ग्राम पंचायत उमरिया चौबे और कंदराखेड़ा के सौ-फीसदी वैक्सीनेटेड होने पर खुशी व्यक्त करते हुये ग्रामीणों और टीकाकरण कर्मियों को बधाई दी हैं।

## होटलों में 20प्रश तक की छूट : संदीप जीआर

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अपील पर नगर निगम में उत्सवी और खुशहाल माहौल में मुफ्त टीकाकरण महाअभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आह्वान पर नगर निगम में भव्यता के साथ कोरोना का वैक्सीनेशन प्रारंभ करते हुए सम्माननीय नागरिकों को जीत का टीका लगाया गया। निगमायुक्त संदीप जी आर ने अनेक टीकाकरण केंद्रों का अवलोकन करते हुए नागरिकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। नगर निगम में आकर्षक सजावट कर नागरिकों को टीकाकरण की प्रेरणा दी गई एवं उन्हें अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण महाअभियान में सम्मिलित होकर कोरोना की वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। निगम परिसर एवं टीकाकरण केंद्रों में उत्साह का माहौल दीपावली की तरह लग रहा था।स्थल पर रंगोली और साज सज्जा में कोरोना को हराने के एक जुटता की झलक देखते ही बन रहा था।इसकी निगमायुक्त ने जम कर सराहना की। प्रदेश सरकार के द्वारा प्रारंभ किए गए टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने एवं आम जनमानस को कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करने निगमायुक्त श्री संदीप जी आर के द्वारा विशेष पहल की जा रही है। निगमायुक्त श्री संदीप जी आर के आह्वान पर अनेक होटलों रेस्टोरेंट और कैफे के संचालकों के द्वारा अनेक आकर्षक योजनाओं की घोषणा की गई है जिनका लाभ वैक्सीन लगवाने वालों को दिया जाएगा। निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि उनके आह्वान पर होटलों में खाने पर 10ब से 20ब तक की छूट का ऑफर दिया जा रहा है जिसका लाभ वैक्सीन टीकाकरण महा अभियान के दौरान वैक्सीन लगवाने वालों को मिलेगा। निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना पर विजय प्राप्त करने टीकाकरण महाअभियान प्रारंभ करते हुए अधिक से अधिक नागरिकों को कोरोना की वैक्सीन लगाने का लक्ष्य प्रदान किया है जिसके परिपालन में नगर निगम प्रशासन द्वारा भी विशेष कार्य किये जा रहे हैं। निगमायुक्त संदीप जी आर की अपील पर अनेक प्रतिष्ठानों के द्वारा मुफ्त जूस, कुकीज और बर्गर देने की भी घोषणा की गई है।

**नगर निगम में आकर्षक सजावट कर नागरिकों को दी जा रही टीकाकरण की प्रेरणा**

### पहला पिंक स्टेशन मदन महल में

## शत प्रतिशत स्टाफ का वैक्सीनेशन

जबलपुर रेल मंडल का महिलाओं द्वारा संचालित प्रथम पिंक स्टेशन मदन महल अब जबलपुर मंडल का प्रथम स्टेशन बन गया है, यहां के शत प्रतिशत रेल स्टॉफ कोरोना संक्रमण से बीबचाव की वैक्सीन लगवा चुका है । इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्वरंजन ने बताया कि मंडल में वैक्सीन की डोज लगवाने के लिए मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता के निर्देश पर टीकाकरण अभियान तीव्र गति से चल रहा है। जिसके तहत मंडल के मदन महल स्टेशन ने बाजी मारते हुए मंडल के 108 स्टेशनों में से पहला पूर्णत: वैक्सीनेटेड स्टाफ स्टेशन बनने का गौरव प्राप्त किया है। श्री रंजन ने बताया कि मदन महल स्टेशन की उपलब्धि पर श्री विश्वास सहित सभी रेल अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए वहां के सभी स्टाफ को बधाई देते हुए उनके इस पुनीत कार्य पर शेष स्टेशनों को भी इसका अनुसरण करने की सलाह दी है ।श्री रंजन ने बताया कि मदन महल स्टेशन पर वर्तमान में 12 यात्री गाड़ियां अप दिशा में तथा 14 यात्री गाड़ियां डाउन दिशा में रूकती है। उन्होंने बताया कि मदन महल स्टेशन में पिछले वित्तीय वर्ष में प्रतिदिन की आय लगभग 4 लाख 25 हजार रुपए प्रतिदिन थी। इसके साथ ही यहां से प्रतिदिन लगभग 8000 यात्रियों का आवागमन प्रतिदिन होता है यहां पर गत वर्ष 2019-20, मे कुल 10 लाख 40 हजार यात्री आए थे तथा लगभग 19 हजार यात्रियों ने मदन महल स्टेशन से अपनी यात्रा प्रारंभ की थी। मदन महल, जबलपुर मंडल का विशिष्ट स्टेशन है जहां पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए रेलवे ने अनेक कार्य किए हैं। जबलपुर शहर के मध्य होने के कारण स्टेशन का महत्व विशेष है और इसी कारण इस स्टेशन को रेल प्रशासन ने मंडल का 2019, मे इसे पिंक स्टेशन बनाकर इसकी कमान रेलवे की महिला कर्मचारियों को सौंपी थी जिसके तहत इस मंडल में इस स्टेशन पर कार्यरत स्टाफ महिलाओं का है, स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक, स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य, सहित टिकट चेकिंग, टिकिट बुकिंग, रेलवे आरक्षण, आरपीएफ बल,दूरसंचार तथा परिचालन एवं इंजीनियरिंग विभाग महिलाओं के द्वारा संचालित किया जा रहा है ।

## डी. बी. क्लब में 450 लोगों का हुआ टीकाकरण

**जबलपुर।** टीकाकरण अभियान में डी. बी. क्लब जी सी एफ स्टेट मे दीपांकर बैनर्जी एवं सी एच एम ओ रत्नेश कुरारिया के प्रयासों से जिला टीकाकरण विभाग द्वारा नि:शुल्क टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया इस अवसर पर डी. बी. के अध्यक्ष सुजीत घोष, सोमेन्द्र गोस्वामी और समिति के सभी सदस्यो का सराहनीय सहयोग रहा।टीकाकरण अभियान मे 450 नागरिकों का टीकाकरण हुआ। अच्छे वातावरण मे अभियान चला नागरिकों के लिए कुर्सी, पानी, मास्क, सैनेटाइजर की व्यवस्था भी की गई।

### आसपास की बस्तियों से आकर से आकर खूब खींची सेल्फी

मोक्ष संस्था के सहयोग से सैंट अगस्टाइन स्कूल त्रिपुरी वार्ड में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर में कुल 808 वैक्सीन डोज लगाए हैं। आसपास की बस्तियों से आकर से आकर खूब खींची सेल्फी इसमें मोक्ष संस्था के श्री आशीष ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमें मोक्ष के वॉलिंटियर्स रेड क्रॉस के कार्यकर्ताओं ने बागडोर संभाली। अनु शर्मा गणेश अय्यर योगेश् कोरी सिमरप्रीत अनिकेत अमित सोनू श्वेता सिंह श्यामसुंदर श्रीवास्तव दिलीप मेहता जी विवेक नीरज मिश्रा आदि समस्त जन का सहयोग रहा । प्रमुख रूप से रेडक्रास सचिव आशीष दीक्षित जी जीतेंद्र जामदार जी डॉ रजनी डॉ दहिया विक्टोरिया ने बड़ी भूमिका निभाई साथ ही थाना तिलवारा पुलिस क्षेत्रीय लोगों का बड़ा सहयोग रहा। विशेष बात यह रही सबसे पहले ऑफलाइन

### टीकाकरण महाअभियान में विश्व संवाद केंद्र ने दिया योगदान

जिला चिकित्सालय विक्टोरिया द्वारा एवं म.प्र.शासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित टीकाकरण महा अभियान में विश्व संवाद केंद्र द्वारा भी विशेष सहयोग प्रदान किया गया7 प्रात:10:00 बजे बेदी नगर कम्युनिटी सेंटर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के प्रचार प्रमुख विनोद जी भाई साहब ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया,व कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से बढ़-चढ़कर टीकाकरण करवाने एवं अपने इष्ट मित्रों व परिवार जनों के टीकाकरण करवाने लिए प्रेरित किया7 विसके के स्वयंसेवकों टोली द्वारा टीकाकरण स्थल पर उपस्थितजनों को सैनिटाइजर व मास्क का वितरण किया,एवं बस्ती क्षेत्रों से विसके के स्वयंसेवकों ने अपने वाहनों द्वारा वरिष्ठजनों को लाकर उन्हें टीकाकरण करवाया । इस अवसर पर आर एस एस की प्रांतीय प्रचार टोली के अभय पचौरी, मीडिया संपर्क विभाग भाजपा के प्रदेश सह संयोजक नितिन भाटिया,पार्षद लोचन साहू,मनोनीत पार्षद अनिल भल्ला, विधि मंगल समिति के अध्यक्ष कमल भल्ला, सतीश वर्मा,मुक्ति चौकसे,प्रिंसी भल्ला आदि उपस्थित रहें ।

टीकाकरण 9ा00 बजे से सुबह शुरू कर दिया गया जैसे ही पोर्टल खुला सबको रजिस्टर्ड किया गया.. और संख्या 808 पर रुकी. हितग्राहियों को सैनिटाइजर चाय बिस्किट पानी की व्यवस्था की गई और सोशल डिस्टेंसिंग का 100प्रतिशत पालन किया गया जिसकी प्रशासन एवं क्षेत्र वासियों ने प्रशंसा की ।

## लिटिल किंग्डम स्कूल में जनरल प्रमोशन की जगह फेल कर दिया छात्रा को

**जबलपुरए यशभारत।** अधारताल स्थित लिटिल किंग्डम निजी स्कूल में हिंदू सेवा परिषद के कार्यकर्ताओं व एक छात्रा के परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया। छात्रा को फेल किए जाने पर परिजन और हिंदू परिषद के पदाधिकारी स्कूल प्रबंधन से बात करने पहुंचे थे परंतु स्कूल प्रबंधन द्वारा पुलिस कर्मियों को बुला लिया जिसके बाद हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और छात्रा के परिजन नाराज हो गए। परिजनों के साथ पहुंची छात्रा उस वक्त फूट.फूट कर रोने लगी जब स्कूल प्रबंधन ने जनरल प्रमोशन देने से मना कर दिया।जगदंबा कॉलोनी शिव नगर निवासी दिलीप लालवानी ने बताया कि उसकी बेटी लिटिल किंग्डम स्कूल में 9वीं की छात्रा है। कोरोना संक्रमण लॉकडाऊन में स्कूल प्रबंधन ने आफ्लाइन परीक्षा ली जिसमें सभी पेपरों में बेटी शामिल हुई लेकिन आखिरी पेपर में वह कोरोना सस्पेक्टेड हो गई इस वजह से वह पेपर में अनुपस्थित थी। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने उसे एक पेपर में फेल कर दिया और एक पेपर में अनुपस्थित होने पर दूसरे पेपर में अनुत्तीर्ण कर दिया।

**हिंदू सेवा परिषद के परिजनों ने स्कूल में जमकर मचाया हंगामा**

### फीस नहीं भरोगी तो फेल कर दिया जाएगा : छात्रा

छात्रा का कहना है कि स्कूल प्रबंधन की तरफ से धमकी दी गई थी कि उसके परिजन फीस नहीं भरेगी तो उसे फेल कर दिया जाएगा। एक पेपर में अनुपस्थित थी जिसके कारण बीमार थी इसकी जानकारी भी स्कूल प्रबंधन को दी गई थी। तबीयत खराब होने के कारण पेपर नहीं दे पाई जबकि स्कूल प्रबंधन का कहना था उसे जनरल प्रमोशन दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं किया गया। कुछ माह तक उसे 10वीं के व्हाटसएप ग्रुप में एड रखा गया लेकिन अचानक से बाद में कहा गया वह 9वीं फेल हो गई है।

### जनरल प्रमोशन की कोई बात नहीं : स्कूल प्रबंधन

लिटिल किंग्डम स्कूल की शिक्षिका सपना रजक ने बताया कि छात्रा मैथ्यस और साइंस विषय में फेल हो गई है। एक पेपर में नहीं आई जबकि दूसरे में फेल हो गई है।अब उसके परिजन और एक संगठन के पदाधिकारी दबाव बनाकर पास की टीसी मांग रहे जो नहीं दे सकते हैं। जनरल प्रमोशन का नियम नहीं था इसलिए दिया नहींए फीस का कोई मामला नहीं है। बच्चे की तबीयत खराब थी तो उसका प्रूफनहीं दिया।हिंदू परिषद के पदाधिकारियों स्कूल में हंगामा करते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन मनमानी में उतारू है। जब छात्रा कोरोना सस्पेक्टेड थी वह एग्जाम कैसे देने आ सकती है। छात्रा के परिजन स्कूल प्रबंधन से 9वीं की टीसी मांग रहे हैं लेकिन स्कूल प्रबंधन टीसी देने से इंकार कर रहा है। स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जल्द ही उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## भटौली में इंजीनियर को रॉड मारकर किया लहूलुहान

जबलपुर। ग्वारीघाट थाना अंतर्गत भटौली कुंड में एक इंजीनियर को ठेकेदारों ने लोहे की रॉड से दनादन वार कर लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद जख्मी युवक को मेडिकल कॉलेज भेजा गया जहां हालत खराब होने पर शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। युवक को सिर में 12 टांके लगे है और एक हाथ फैक्चर है। इतना ही नहीं आरोपियों ने मारपीट करने के बाद युवक की कार में जमकर तोड़फोड़ कर, कार में रखे करीब सवा लाख रुपए और एक एप्पल का मोबाइल लेकर फरार हो गए। जानकारी अनुसार केतन मालवीय उम्र 24 वर्ष मदनमहल का निवासी है और वसुंधरा कंपनी में प्रोजेक्ट ऑफीसर के पद पर कार्यरत है। भटौली में गार्डन बनाने का शासकीय कार्य किया जा रहा था। पीड़ित ने बताया कि पेटी ठेकेदार रोहित तिवारी, अभिषेक व अन्य उनके दो साथियों के साथ कल शाम को आया और पुराने पैसे करीब सवा लाख रुपए, जो पहले से कंपनी में फंसे हुए है, मांगने लगा।

**सवा लाख को लेकर साथियों ने ही ली जान लेने की कोशिश**

### पैसे अभी दो...नहीं तो जाएगी जान

आरोपियों ने युवक को घेरकर रॉड से हमला कर दिया। जबकि पीड़ित ने बताया कि उसने पेंडिंग पैसों की फाइल कंपनी में लिखापढ़ी कर जमा कर दी है। लेकिन आरोपी तुरंत पैसे मांग रहे थे। जख्मी हालत में केतन को मेडिकल अस्पताल के बाद हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। केतन से मारपीट करने के बाद आरोपी कार से पैसे और मोबाइल लेकर फरार हो गए। पुलिस के पीएसआई रघुवंशी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## जबलपुर कास्मेटिक गायनेकोलोजी सेंटर प्रारंभ

**जबलपुर।** नगर में महाकोशल का सर्वप्रथम महिलाओं की निजी स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज हेतु सर्वसुविधायुक्त लेसर तकनीकी की सुविधा के साथ जबलपुर कोस्मेटिक गायनेकोलोजी सेंअर का शुभारंभ जबलपुर हास्पिटल एन्ड रिसर्च सेंटर में किया जा रहा है। इस सेंटर की विशेषज्ञ स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. अमिता सक्सेना तथा डॉ. ऋचा धीरावाणी ने बताया कि आज भी महिलाओं की कुछ निजी स्वास्थ्य समस्यायें ऐसी हैं जिनके विषय में महिलायें खुलकर चर्चा नहीं कर पाती है एवं इन समस्याओं का समुचित इलाज नहीं हो पाता है। सामान्य प्रसव के बाद एवं मैनोपॉस के समय योनी का ढीलापन तथा आस्गेस्म न महसूस होना, खांसते छींकते समय या व्यायाम करते समय पेशाब निकल जाना, अत्याधिक सफेद पानी जाना, योनी मार्ग का सूखापन,दर्द होना, जननांगों का अनाकर्षक होना, संभोग में दर्द होना, ऐसी समस्यायें है जिनका समाधान एवं इलाज विशेषज्ञ स्त्री रोग चिकित्सक द्वारा जबलपुर कोस्मेटिक गायनेकोलोजी सेंटर में अत्याधुनिक लेजर द्वारा 15 मिनिट में बिना आपरेशन के किया जायेगा। इन परेशानियों से पीड़ित महिलाओं को अब इन समस्याओं से निराश, कुंठा या अवसाद की पीड़ा से मुक्त किया जा सकता है। इस सेंटर में इलाज सुविधा का लाभ लेने के बाद पीड़ित महिलायें सामान्य आनंदमय जीवन यापन कर सकेंगी। इन समस्याओं के इलाज हेतु आवश्यक सुविधायें जैसे पीआरपी के इन्जेक्शन जो जननांगों को रिजुविनेट करते हैं एवं सेक्स लाइफ इम्प्रूव करते हैं उपलब्ध है। जननांगों को आकर्षक बनाने लेजर पीलिंग, फिलर्स आदि का उपयोग कर खूबसूरत परिणाम दिये जाते हैं। जबलपुर हास्पिटल के प्रबंध निदेशक डा. राजेश धीरावाणी ने बताया कि डॉ. अमित सक्सेना, प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रशांत यादव एवं डॉ. ऋचा धीरावाणी ने कोस्मेटिक गायनेकोलाजी विषय में विशेष दक्षता हासिल की है।

## सी जी एच एस8वीं डिस्पेंसरी का मुहूर्त अब आया

**5 जुलाई को सांसद सिंह फीता काटकर करेंगे उद्घाटन**

**जबलपुर यशभारत।** सी जी एच एस लाभार्थियों के लिए आधारताल मे खुलने वाली डिस्पेंसरी का मुहूर्त तय हो गया है।लंबे समय से प्रतिक्षित डिस्पेंसरी का उद्घाटन सांसद राकेश सिंह5जुलाई को फीता काटकर करेंगे।विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि डिस्पेंसरी खुलने से हो रहे विलंब को लेकर सांसद श्री सिंह एवं विधायक अशोक रोहाणी से मिलकर लाभार्थियों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया।इस पर सांसद श्री सिंह ने तत्काल अपर निदेशक सीजीएचएस और कलेक्टर को अपने बंगले में तलब किया।उन्हें तत्काल डिस्पेंसरी शुरू करने के निर्देश दिए।जिस पर बताया गया कि5जुलाई को डिस्पेंसरी शुरू हो जायेगी।इस मौके पर विजन जबलपुर के अशोक राजपूत एम एन सिंह अशोक नामदेव अनूप मजूमदार नरेश बख्शी मलकीत सिंह छोटेलाल एस के बेनर्जी उपस्थित थे। दूसरी ओर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा उपाध्यक्ष कुंवर सिंह ने खुशी जताई है कि इससे लाभार्थियों को राहत मिलेगी।लेकिन उन्होंने कहा कि जबलपुर की हमेशा ही उपेक्षा हो रही है।शहर में91हजार लाभार्थी हैं जिनके लिए कायदे से15डिस्पेंसरी होना चाहिये।लेकिन लगातार मांग के बाद 6वीं डिस्पेंसरी को अक्टूबर2016मे स्वीकृति और सितंबर2018मे आदेश जारी किया गया।दो साल डिस्पेंसरी के लिए भवन तलाशने में लग गए।विगत6माह से खाली भवन का किराया दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि6वीं डिस्पेंसरी के लिए पर्याप्त बजट और पर्याप्त स्थाई स्टाफ की स्थाई व्यवस्था हो।साथ ही अपर निदेशक कार्यालय को पूर्ण सक्षम बनाते हुए और डिस्पेंसरी खोली जाना चाहिए।

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक
### आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (E.O.W.) जबलपुर

ईओडब्ल्यू भवन, टीवी टॉवर के पास कटंगा, जबलपुर टेलीफोन नं (0761)24037777

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (E.O.W.) इकाई जबलपुर में मासिक आधार पर स्विफ्ट डिजायर /इंडिगो वाहन किराए पर उपलब्ध कराने हेतु ख्याति प्राप्त ट्रेवल्स एजेन्सियों से जिन्हें कम से कम 1 वर्ष का शासकीय कार्यालयों में वाहन उपलब्ध कराने का अनुभव हो 1 वर्ष की अवधि के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म तथा उनकी शर्त दिनांक 25.6.2021 से 9.7.2021 तक, अवकाश दिवस छोड़कर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (E.O.W.) इकाई जबलपुर से 500 रुपए नगद भुगतान पर समय 10.30 से 4.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 14.7.2021 के अपरान्ह 3 बगजे तक कार्यालय पुलिस अधीक्षक, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (E.O.W.) जबलपुर में अलग अलग लिफाफों में जमा किए जा सकेंगे। दिनांक 17.7.2021 को 11 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष निविदा प्रपत्र कार्यालय पुलिस अधीक्षक, आथ्रिक अपराध प्रकोष्ठ (E.O.W.) जबलपुर में खोला जावेगा तथा सफल होने वाले निविदाकर्ताओं का भौतिक सत्यापन निविदा समिति द्वारा किया जाएगा। निविदा फार्म के साथ रुपए 5000 रुपए (पांच हजार रुपए मात्र ) की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट (राष्ट्रीय बैंक) का सलंग्न करना अनिवार्य होगा जिस निविदाकर्ता की निविदा स्वीकृत होने पर अनुबंध के समय परफार्मेंस सिक्योरिटी के रूप में प्रति वाहन रुपए 10,000 (दस हजार रुपए मात्र) की एफडीआर (राष्ट्रीय बैंक) का जा कि लेखाधिकारी, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (E.O.W.) मुख्यालय भोपाल के नाम से देय होगा। निविदा के संबंध में महानिदेशक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (E.O.W.) मुख्यालय भोपाल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। उक्त निविदा की पूर्ण जानकारी www.eow.mp.gov.in. पर देखी जा सकती है।

देवेन्द्र प्रताप सिंह राजपूत
जी- 13644/21 पुलिस अधीक्षक, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर

### कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जबलपुर (कलेक्ट्रेट परिसर)

ई-मेल adfish-jab@mp.gov.in दूरभाष 0761-2625405, मो. 9826987371

क्र./71/तक./म.पा.ता.प./2021-22 जबलपुर, दिनांक 16.06.21

**विज्ञप्ति**

जबलपुर जिले की जनपद पंचायत पनागर, जबलपुर, शहपुरा, मझौली एवं कुण्डम क्षेत्रांतर्गत स्थित निम्न जलाशयों को मत्स्य पालन एवं मत्स्याखेट हेतु मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग की नवीन मछुआ नीति 2008 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार 10 वर्षीय पट्टे पर दिया जाना है। संबंधित जलाशय क्षेत्र में पंजीकृत/प्रस्तावित मछुआ सहकारी समितियां/मछली पालन के निमित्त गठित मछुआ समूह अपना आवेदन पत्र मय प्रस्ताव-ठहराव, पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलॉज, सदस्य सूची, ऑडिट रिपोर्ट आदि के साथ कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जबलपुर में दिनांक 11.07.2021 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। पट्टे से संबंधित नियम व शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जबलपुर एवं संबंधित जनपद पंचायत के कार्यालयों में किया जा सकता है। दिनांक 11.07.2021 के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**जलाशयों की जानकारी निम्नानुसार है :-**

| क्रमांक | जनपद पंचायत का नाम | तालाब/जलाशय का नाम | उत्पादित जलक्षेत्र (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पनागर | बंधी जलाशय | 20.40 |
| 2 | पनागर | बड़ेराकला जलाशय | 61.10 |
| 3 | पनागर | लमती जलाशय | 26.60 |
| 4 | शहपुरा | उरैम जलाशय | 21.31 |
| 5 | शहपुरा | घुघरा नाला (हीरापुर) जलाशय | 14.76 |
| 6 | कुण्डम | दरगढ़ जलाशय | 77.20 |
| 7 | जबलपुर | केवलारी जलाशय | 19.50 |
| 8 | जबलपुर | तिरहरी जलाशय | 14.07 |
| 9. | मझौली | घुटेही जलाशय | 21.00 |

**नियम व शर्तें :-**

1. पट्टा अवधि की गणना 01 जुलाई से 30 जून तक होगी।
2. पट्टा धारक समिति/समूह को विभागीय नियमों का पालन करते हुए नियमानुसार अनुबंध निष्पादन कराना होगा।
3. मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग की मछुआ नीति 2008 एवं शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों व संशोधनों का पालन करना अनिवार्य होगा।
4. तालाबों की पट्टा राशि एवं प्राथमिकता क्रम का निर्धारण म.प्र. शासन मछली पालन विभाग की मछुआ नीति 2008 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार विभाग द्वारा की जावेगी।
5. पूर्व पट्टा धारक समिति/समूह के लिए आवश्यक होगा कि विगत 10 वर्षों की पट्टा राशि अदायगी की रसीदें आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

जी-13557/21 सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जिला जबलपुर (म.प्र.)

## संपादकीय

# बहिष्कार नहीं, बात करें

जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लेने एवं उसे केंद्रशासित प्रदेश बनाए जाने के करीब दो साल बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अब वहां राजनीतिक अनिश्चितता खत्म करने की दिशा में बढ़ते हुए केंद्र ने 24 जून को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में जम्मू एवं कश्मीर क्षेत्र के प्रमुख नेताओं को आमंत्रित किया गया है। बताया जा रहा है कि इस बैठक का मुख्य एजेंडा परिसीमन है। असल में राज्य को दो हिस्सों में बांटने के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिए विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन जरूरी हो गया था। चुनावी दृष्टिकोण से परिसीमन एक अहम प्रक्रिया है। गौरतलब है कि 6 मार्च, 2020 को गठित परिसीमन आयोग को इस साल मार्च में एक साल का विस्तार दिया गया था। जनसंख्या बदलाव के साथ सभी को समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए ऐसा किया जाता है। इस प्रक्रिया के जरिये विधानसभा सीटों की संख्या में भी बदलाव हो सकता है। परिसीमन की इस प्रक्रिया में क्षेत्र विशेष के राजनेताओं का प्रतिनिधित्व जरूरी होता है। परिसीमन के लिहाज से तो यह बैठक अहम है ही, इसके साथ ही इस सरहदी प्रदेश में आम जनता की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना और जम्मू-कश्मीर के बेहतर भविष्य के लिए नीति बनाना भी सत्ता एवं सियासत का मुख्य कर्तव्य है। सर्वदलीय बैठक के लिए केंद्र से मिले न्योते पर भले ही अभी तक एक राय नहीं बन पाई हो, लेकिन किसी ने भी बैठक के बहिष्कार का ऐलान नहीं किया है, जो कि एक अच्छी पहल है। सभी सियासी दल बैठक में शामिल होने के लिए अपने नेताओं से लगातार बातचीत कर रहे हैं। पीडीपी ने जहां अपनी नेता महबूबा मुफ्ती पर फैसला छोड़ दिया है, वहीं नेशनल कान्फ्रेंस मंगलवार यानी 22 जून को इस विषय में कोई फैसला लेगी।इस बीच, इस मसले पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने ट्वीट किया, 'कांग्रेस पार्टी का रुख जो कल था, उसे पुन: दोहराया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए।' यहां उल्लेखनीय है कि पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग अन्य विपक्षी दल भी कर रहे हैं, साथ ही केंद्र सरकार भी स्पष्ट कर चुकी है कि परिस्थितियां सामान्य होते ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे दिया जाएगा। यानी पूर्ण राज्य बनाये जाने पर किसी भी दल को आपत्ति है ही नहीं, इसलिए इस मुद्दे को उछालना गैर वाजिब ही होगा। दरअसल अनुच्छेद-370 हटने और केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर में सियासी हलचल पर सबकी नजर है। लंबी नजरबंदी के बाद तमाम नेताओं की रिहाई एवं जिला विकास परिषद के चुनावों के सफल संचालन के बाद जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक परिदृश्य बदल रहा है। इसी बदलाव के बीच आगे की रणनीति के लिए केंद्र ने बैठक बुलाई है। बेशक गुपकार संगठन अभी तक केंद्र के न्योते पर आम राय नहीं बना पाया है और अनेक दल पूर्ण राज्य के दर्जे की ही अपनी मांग दोहरा रहे हैं, लेकिन जरूरत इस बात की है कि बातचीत की टेबल पर सभी लोग मिलें। बैठक के बहिष्कार के बजाय किसी भी मुद्दे का हल वार्तालाप से ही निकलेगा। बातचीत के दौरान ही अपनी शिकायतों को भी दर्ज कराया जा सकेगा और इसके बाद भविष्य की रणनीति बनाने में भी सियासी दलों को आसानी होगी। अड़ियल रुख किसी ओर से भी अच्छा नहीं होता क्योंकि अड़ने से बाधाएं ही उत्पन्न होती हैं और वार्तालाप से ही किसी मुद्दे के हल निकलने की उम्मीद बढ़ती है। इसलिए सभी सियासी दलों के नेताओं को केंद्र का आमंत्रण स्वीकार करना चाहिए और जम्मू-कश्मीर के लोगों के बेहतर भविष्य के लिए सर्वसम्मति से फैसला लेना चाहिए।

# दवा उद्योग को संबल हेतु बने रणनीति

वर्ष 1970 में भारत में बिकने वाली दवाओं में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दो-तिहाई हिस्सा था। इसके बाद सरकार ने प्रोडक्ट पेटेंट को निरस्त कर दिया। पेटेंट, यानी नये आविष्कारों को बेचने के एकाधिकार दो तरह से बनाए जाते हैं। 'प्रोडक्ट' पेटेंट में आप जिस माल (प्रोडक्ट) का आविष्कार करते हैं और उसे पेटेंट करते हैं, उस माल को कोई दूसरा बनाकर नहीं बेच सकता। इसके विपरीत 'प्रोसेस' पेटेंट में आप किसी माल को पेटेंट नहीं करते बल्कि उसको बनाने की प्रक्रिया अथवा तकनीक (प्रोसेस) को पेटेंट करते हैं। प्रोसेस पेटेंट की व्यवस्था में कोई भी व्यक्ति पेटेंट किये गए माल को किसी दूसरे प्रोसेस से बना सकता है। जैसे मान लीजिए आपने लोहे को गर्म करके सरिया बनाने का पेटेंट ले लिया। प्रोडक्ट पेटेंट के अनुसार दूसरा कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रक्रिया से सरिया नहीं बना सकता लेकिन प्रोसेस पेटेंट के अनुसार दूसरा व्यक्ति लोहे को पीटकर सरिया बनाने को स्वतंत्र है क्योंकि आविष्कारक ने लोहे को गर्म करके सरिया बनाने का पेटेंट ले रखा है; सरिये के प्रोडक्ट का पेटेंट उसे नहीं दिया गया है। प्रोसेस पेटेंट में दूसरी तकनीक से कोई व्यक्ति उसी माल को बना सकता है।

70 के दशक में भारत सरकार ने देश में प्रोडक्ट पेटेंट को निरस्त कर दिया। इसका अर्थ हुआ कि जो दवाएं बहुराष्ट्रीय कंपनियां बना रही थीं और बेच रही थीं, चूंकि उनके पास उन दवाओं के प्रोडक्ट पेटेंट थे; उन्हीं दवाओं को दूसरी तकनीक से बनाकर बेचने को भारतीय कंपनियां स्वतंत्र हो गईं। परिणाम यह हुआ कि भारतीय कंपनियों ने उन्हीं दवाओं को नयी तकनीकों से बनाना शुरू किया और 1991 में तैयार दवा जिसे 'फॉर्मूलेशन' कहते हैं, उसमें भारतीय कंपनियों का दबदबा भारत में ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में स्थापित हो गया। साथ-साथ दवाओं को बनाने वाले कच्चे माल जिसे 'एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स' या एपीआई कहते हैं, उनका 99 प्रतिशत उत्पादन भारत में होने लगा और केवल 1 प्रतिशत आयात किया जाने लगा।

इसके बाद 1995 में सरकार ने विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत प्रोडक्ट पेटेंट को पुन: लागू कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि 1991 में हम जो केवल 1 प्रतिशत एपीआई को आयातित करते थे, वह 2019 में बढ़कर 70 प्रतिशत होने लगा। भारत इस बाजार से लगभग बाहर हो गया। फॉर्मूलेशन यानी तैयार दवा में कमोबेश ऐसी ही स्थिति बन गयी है। पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन के शक्तिवेल सेल्वाराज की मानें तो अगले 6 वर्षों में तैयार दवा भी भारी मात्रा में आयातित होने लगेगी और इस क्षेत्र में भी चीन का दबदबा स्थापित हो जाएगा।



इस परिस्थिति का सामना करने के लिए सरकार ने अगले 6 वर्ष में 6,940 करोड़ रुपये दवाओं के उत्पादन की बुनियादी संरचना बनाने में निवेश करने का ऐलान किया है। 19 मेडिकल उपकरणों के आयात को प्रतिबंधित कर दिया है। ये दोनों कदम सही दिशा में हैं परंतु ये ऊंट के मुंह में जीरा जैसे हैं।

सरकार को और अधिक प्रभावी कदम उठाने होंगे। पहला यह कि दवाओं पर आयात कर बढ़ाने होंगे। यह सही है कि आयात कर बढ़ाने से हमारे देश के नागरिकों को देश में बनी महंगी दवाएं खरीदनी पड़ेंगी। लेकिन प्रश्न देश की स्वास्थ्य संप्रभुता का है। यदि कुछ समय तक सस्ती आयातित दवाएं न खरीदें और उन्हें स्वयं बनाना शुरू करें तो कुछ समय बाद हम भी सस्ती दवाएं बना लेंगे। इसलिए विषय तात्कालिक बनाम दीर्घकालीन हितों का है। अपनी दीर्घकालिक स्वास्थ्य संप्रभुता को स्थापित करने के लिए हमें कुछ समय के लिए आयात कर बढ़ा देने चाहिए, जिससे इनका उत्पादन देश में होने लगे। इस दिशा में एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के राजीव नाथ ने कहा है कि इस वर्ष फरवरी में लागू किए गए बजट से वे निराश हैं क्योंकि मेडिकल डिवाइसों पर आयात कर नहीं बढ़ाए गए। उनके अनुसार घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए आयात करों को ब?ाना ही होगा।

दूसरा कदम सरकार को नयी दवाओं के आविष्कार में भारी निवेश करना होगा। वर्तमान में कोविड के टीके बनाने वाली दो प्रमुख कंपनियां एस्ट्रेजनेका और फाइजर को उनकी सरकारों ने भारी मात्रा में मदद की है और आज वे उन टीकों को हमें बेचकर बिक्री मूल्य का 50 प्रतिशत रॉयल्टी के रूप में हमसे वसूल कर रहे हैं। इनके सामने भारत सरकार ने भारत की अपनी कोवैक्सीन बनाने वाली भारत बायोटेक को मात्र 65 करोड़ रुपये की मदद आविष्कार करने के लिए की थी जो सतही मात्र है। सोचिये यदि भारत सरकार ने अपनी 10-20 फार्मा कंपनियों को टीका बनाने को रकम दी होती तो आज हम विश्व के तमाम देशों को टीके का निर्यात करके भारी रकम कमा रहे होते। लेकिन दुर्भाग्य है कि हमारा स्वास्थ्य तंत्र पर विदेशी सम्मोहन ज्यादा है। पॉली मेडिकेयर के हिमांशु वैद्य के अनुसार भारत सरकार ने भारतीय कंपनियों को आविष्कार के लिए पर्याप्त मदद नहीं दी है। हमें मान कर चलना चाहिए कि आने वाले समय में कोविड का वायरस म्यूटेंट कर सकता है अथवा नये रोग पैदा हो सकते हैं। इसलिए आगे की रणनीति बनानी होगी और वर्तमान में ही अपने देश में नये आविष्कार के लिए सरकार को निवेश करना होगा।

तीसरा कदम दवाओं के उत्पादन के लिए जरूरी बुनियादी संरचना में निवेश का है। जैसा ऊपर बताया गया है, सरकार ने 6,940 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है लेकिन हिमांशु वैद्य के अनुसार यह रकम यदि आने वाले 6 वर्षों के अंतिम समय में व्यय की गयी तब तक देश में तैयार दवाओं पर भी चीन का कब्जा हो चुका होगा। तब यह निवेश चिड़िया के खेत चुग लेने के बाद जाल बिछाने जैसा होगा।

चौथा कदम सरकार को भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए रकम सस्ती ब्याज दर पर ऋण अथवा सब्सिडी के रूप में देनी चाहिए। अमेरिकी सरकार ने ईस्टमैन कोडक कंपनी को 5,700 करोड़ रुपये की विशाल रकम 25 वर्ष की मियाद पर दवाओं के कच्चे माल यानी एपीआई बनाने के लिए दी है। विशेष यह कि यह रकम अमेरिका के डिफेंस प्रोडक्शन एक्ट के अंतर्गत दी गई है अर्थात अमेरिकी सरकार मानती है कि देश की रक्षा के लिए यह रकम दी जा रही है। इसी प्रकार भारत सरकार को अपनी कंपनियों को एपीआई और फॉर्मूलेशन बनाने के लिए भारी मदद करनी चाहिए अन्यथा देर हो जाएगी।

**भरत झुनझुनवाला**
**लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं।**

# आपका राशिफल 23 जून

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-9-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 5473

ऊपर से नीचे:-

बायें से दायें:-

फिल्म वर्ग पहेली- 5472

## सेहत

# वजन कम करने में सहायक है कोको पाउडर, जानें इसके और भी फायदे

बात चाहे चॉकलेट या आइसक्रीम की हो या फिर चॉकलेट केक की, चॉकलेट के दीवाने आपको हर उम्र में मिलेंगे। लेकिन अपने वजन को लेकर संजीदा लोग चॉकलेट के सेवन को सही नहीं मानते। लेकिन क्या आप जानती हैं कि जिस कोको बीन्स से यह चॉकलेट बनायी जाती है, वह सेहत के लिहाज से काफी लाभदायक है? बहु उपयोगी चीजें हम सबको कुछ ज्यादा ही पसंद आती हैं। कोको पाउडर ऐसी ही एक सामग्री है। इस पाउडर के क्या-क्या हैं फायदे, यहां जानें-

### वजन कम करने में सहायक

विभिन्न शोधों द्वारा यह पता चला है कि आहार में मौजूद वसा को हमारा शरीर तेजी से ऊर्जा में बदलता है, जिससे मेटाबॉलिज्म की दर ब? जाती है। यदि लंबे समय तक शारीरिक श्रम न किया जाए तो शरीर में मौजूद वसा ऊर्जा में नहीं बदल पाती और वह फिर धीरे-धीरे चर्बी के रूप में शरीर में इकट्ठा होने लगती है। कोको पाउडर का आहार में नियमित सेवन भूख तो कम करता ही है, साथ ही शरीर में मौजूद वसा को तेजी से ऊर्जा में बदलने का कार्य भी करता है। -दरअसल, कोको बीन्स को बेहद महीन पीसकर कोको पाउडर बनाया जाता है, जो बहुत से स्वादिष्ट व्यंजनों और चॉकलेट बनाने में काम आता है और अपने पोषक गुणों की वजह से सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। कोको पाउडर में कैल्शियम, मिनरल्स, मैग्नीशियम, सोडियम, जिंक के अलावा कुछ खास किस्म के फ्लैवोनॉइड्स पाये जाते हैं, जो सेहत के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। लगभग 2 चम्मच कोको पाउडर में मात्र 25 कैलोरी, 1.5 ग्राम फैट और 3.6 ग्राम फाइबर होता है।

### सूप पिएंगे तो जादुई तरीके से वजन घटेगा, दांतों का भी है रक्षक

आमतौर पर यह माना जाता है कि चॉकलेट खाने से दांत खराब हो जाते हैं। बच्चों के मामले में तो माएं विशेषकर सावधानी बरतती हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि कोको पाउडर में कुछ ऐसे खास एंटी बैक्टीरियल और रोग प्रतिरोधक क्षमता को ब?ाने वाले गुण होते हैं, जो न केवल दांतों में स?न पैदा होने से रोकते हैं, बल्कि दांतों की सेहत भी बनाए रखते हैं?

### उच्च रक्तचाप में भी है मददगार

कोको पाउडर में मौजूद फ्लैवोनॉइड्स, रक्त में पाए जाने वाले नाइट्रिक ऑक्साइड के स्तर को सुधारते हैं। इससे रक्त वाहिकाएं ज्यादा बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं, जिससे रक्त प्रवाह ठीक रहता है और उच्च रक्तचाप की समस्या नहीं होती। विभिन्न शोध यह भी बताते हैं कि कोको पाउडर में मौजूद फ्लैवोनॉइड्स की मात्रा रक्तचाप को सामान्य कर देती है।

### दिल को भी रखे सेहतमंद

कोको पाउडर में कुछ ऐसे गुण भी पाये जाते हैं, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को घटाकर रक्त को हृदय तक बेहतर ढंग से पहुंचाने में मदद करते हैं। ऐसा इसमें मौजूद फ्लैवोनॉइड्स की वजह से हो पाता है। नतीजा हार्ट अटैक, स्ट्रोक और दिल से जु?ी अन्य बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है।

## सूडोकू नवताल- 5994

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल - 5993 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |



## विचार प्रवाह

आंख बड़ी नालायक है। अनर्थों की जड़ मनुष्य की आंख ही है। काम आूख में पहले आता है, मन में बाद में। मन को पवित्र रखना है तो आंखों का संभाल कर रखिए। आंख बिगड़ती है तो मन बिगड़ता है, मन बिगड़ता है तो वाणी बिगड़ती है। वाणी बिगड़ती है तो व्यवहार बिगड़ता है, व्यवहार बिगड़ता है तो पूरा जीवन बिगड़ जाता है। सीता को देखकर रावण की आंख बिगड़ी, फिर व्यवहार बिगड़ा, फिर रावण का जीवन ही बिगड़ गया, और तो क्या कहें रावण का नाम भी बिगड़ गया। हजारों साल गुजर गये पर किसी बाप ने अपने बेटे का नाम रावण नहीं रखा।

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7056

**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सम्मीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

शब्द पहेली - 7055 का हल



# जंगल में तब्दील हुई पथरीली पहाड़ी, अब भोपाल को दे रही ऑक्सीजन

**भोपाल।** भोपाल शहर के बीचों-बीच स्थित 481 हेक्टेयर में फैली पथरीली पहाड़ी (कटारा हिल्स) 15 साल में जंगल तब्दील हो गई है। इसमें 50 अलग-अलग प्रजाति के करीब ढाई लाख फलदार और छायादार पेड़ हैं। इनमें से कुछ अभी छोटे हैं। ये सभी मिलकर भोपाल शहर की 28 लाख की आबादी को 24 घंटे ऑक्सीजन दे रहे हैं इसलिए जंगल का नाम ऑक्सीजन बैंक पड़ गया है। वैसे इसका मूल नाम इकोलॉजिकल पार्क है। आबादी के बीचों-बीच विकसित हुए इस जंगल में सुबह-शाम सैकड़ों लोग घूमने के लिए आते हैं। यह जंगल प्राकृतिक रूप से हिरण और चीतल प्रजाति के वन्यप्राणियों का आवास भी बनता जा रहा है। शहर के कटारा हिल्स क्षेत्र से लगा लहारपुर इलाका है। इसकी सीमा रायसेन जिले से लगती है, जिसकी लंबाई करीब 20 किलोमीटर है। कटारा हिल्स इलाका पहले एकांत क्षेत्र था और मुख्य शहर से दूर माना जाता था। पथरीला इलाका होने के कारण प्राकृतिक रूप से लगे पौधे व पेड़ों की संख्या कम थी, जो थे उन्हें काटा जा रहा था, जगह-जगह अवैध खनन हो रहा था। भोपाल वन वृत्त में मुख्य वन संरक्षक रहे डॉ. एसपी तिवारी बताते हैं कि शहर की आबादी बढ़ी तो घने वन क्षेत्र की आवश्यकता महसूस होने लगी। इसके चलते 1997 में वन विभाग ने अपने इस जंगल को संरक्षित करने के प्रयास तेज किए थे। नतीजा यह रहा कि 2006 में लहारपुर वन क्षेत्र को इकोलॉजिकल पार्क का दर्जा देकर तीन हिस्सों में बांट दिया गया। इसी के पहले हिस्से में 481 हेक्टेयर पहाड़ी जमीन है जिस पर पीपल, बरगद, नीम, पलाश, हर्र, बहेड़ा, आंवला, गुलमोहर, महुआ, बांस, लेंडिया, सागोन, सतपर्णी, बेलपत्र जैसी प्रजाति के 1.40 लाख पौधे लगाए गए थे, जिनकी उम्र अब पांच से 15 साल तक हो चुकी है। पौधारोपण के साथ यहां एक लाख से अधिक पौधे प्राकृतिक रूप से विकसित हुए, जिनका संरक्षण किया जा रहा है। पथरीली जमीन पर जंगल विकसित करने के लिए वन विभाग ने पिछले 15 साल में सात करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यह राशि पौधे लगाने, उन्हें गर्मी में पानी देने, पौधे और पेड़ों की सुरक्षा करने पर खर्च की गई है।

### 15 साल पहले वीरान थी पहाड़ी

### अब जंगल सफारी की तैयारी

भोपाल के जिला वन अधिकारी हरिशंकर मिश्रा कहते हैं कि इकोलॉजिकल पार्क के तीनों चरणों को और विकसित करेंगे। साथ ही यहां जंगल सफारी शुरू करेंगे। भोपाल के वनस्पति जगत पर पहली पीएचडी करने वाले डॉ. सुदेश वाघमारे बताते हैं कि देश के किसी भी शहर और किसी भी राजधानी के पास इकोलॉजिकल पार्क जैसा बड़ा और घना जंगल नहीं है। यह पार्क भोपाल के लिए ऑक्सीजन बैंक है।

# रेत ठेकेदारों को राहत देगी मध्य प्रदेश सरकार, एक साल की अवधि बढ़ाने का मिलेगा विकल्प

**भोपाल।** प्रदेश सरकार रेत के ठेकेदारों को सरकार राहत देने जा रही है। कोरोना महामारी की वजह से प्रभावित हुए कारोबार को देखते हुए ठेका अवधि एक साल बढ़ाने और बकाया भुगतान छह समान किस्तों में करने की सुविधा दी जाएगी। ठेका अवधि जून 2022 से 2023 कराने के लिए ठेकेदार को दस फीसद अतिरिक्त राशि देनी होगी। यदि ठेकेदार इस विकल्प पर सहमत नहीं होते हैं तो उन्हें बकाया राशि का भुगतान जनवरी 2022 से छह समान किस्तों में करना होगा। खनिज साधन विभाग के इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक रेत के कई ठेकेदारों ने खदानें छोड़ने का मन बना लिया है। यदि वे ठेके छोड़ते हैं तो सरकार को नुकसान होगा। वैसे भी कमल नाथ सरकार के समय जब रेत खदानों के

ठेके हुए थे, तब उज्जैन और आगर-मालवा में कोई ठेकेदार ही नहीं मिला था। मंदसौर, रायसेन और आलीराजपुर में रायल्टी की राशि नहीं देने पर ठेके निरस्त किए जा चुके हैं और नए सिरे से कार्रवाई की जा रही है। ठेकेदारों को आ रही समस्या पर विचार करने के लिए खनिज साधन में बृजेंद्र प्रताप सिंह ने बैठक की थी। इसके बाद ठेकेदारों को राहत देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके मुताबिक जिनकी ठेका अवधि 30 जून 2022 को समाप्त हो रही है, उन्हें एक साल की वृद्धि का विकल्प दस फीसद शुल्क में बढ़ोतरी के साथ मिलेगा। जो ठेकेदार इस विकल्प को नहीं चुनते हैं, उनसे बकाया राशि का भुगतान जनवरी 2022 से छह समान किस्तों में कराया जाए। बैठक में प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय होगा।

### तीन चरणों में तैयार होंगे सीएम राइज स्कूल

कैबिनेट में सीएम राईजे स्कूलों को लेकर भी प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। तीन चरणों में नौ हजार 200 स्कूल तैयार किए जाएंगे। इस वर्ष 350 स्कूल खुलेंगे। इनमें विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा जेइइ, नीट, क्लेट सहित खेल की कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई होगी और निजी स्कूलों की तरह केजी-नर्सरी कक्षाएं भी शुरू होंगी। बच्चों के लिए परिवहन, खेलकूद, संगीत, तैराकी से लेकर तमाम तरह की सुविधाएं यहां मिलेंगी। इन स्कूलों में कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया भी अलग होगी और तबादला नीति भी। सीएम राइज स्कूल के लिए प्रस्तावित सूची को मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश में कोई नया स्कूल नहीं खोला जाएगा।

### इन पर भी होगा विचार

- जूनियर डॉक्टरों को मिलने वाले स्टायपेंड में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को अनुमति।
- विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना की राशि का उपयोग कोरोना संकट से निपटने के लिए करने के लिए एक साल की छूट के निर्णय को अनुमति।
- अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण के लिए गठित विशेष न्यायालय के समक्ष अभियोजन संचालन के लिए 33 नए पद बनाने की स्वीकृति।

# ऊर्जा मंत्री ने पूछा- विद्युत कटौती के रिकार्ड बताओ
# अधिकारी मुंह ताकते रहे

**भोपाल।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मंगलवार सुबह अचानक होशंगाबाद रोड के विद्यानगर बिजली जोन कार्यालय पहुंच गए। वे सीधे एई के कमरे में पहुंचे और कहने लगे कि क्षेत्र में बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही हैं। उपभोक्ता परेशान हैं। मेरे पास फोन करते बताते हैं। मैं उन्हें क्या जवाब दूं। आप लोग संभाल नहीं पाते हो। उपभोक्ता परेशान होकर मेरे पास और दूसरे जनप्रतिनिधियों के पास शिकायत करते हैं। मंत्री ने कटौती की वजह पूछी। यह भी पूछा कि बीते एक माह में कितने बार बिजली बंद की, फाल्ट व अन्य कारणों से कितने बार बंद हुई। ट्रिपिंग कितने बार हुई और उसकी वजह क्या है। एक के बाद एक सवालों से कार्यालय में मौजूद अधिकारी और इंजीनियर घबरा गए तथा एक-दूसरे का मुंह ताकने लगे। डीई व एई ने कुछ कहने की कोशिश की तो मंत्री ने कहा कि दस्तावेजों के साथ बात करो। अभी न हो तो बाद में बताना, यह कहकर मंत्री बाहर निकले। दफ्तर के आसपास देखा। उपभोक्ताओं से बात भी की। जोन कार्यालय के आसपास किके उपभोक्ताओं ने बिजली व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया है।

### समीक्षा बैठक में कहा- यह राजधानी है, ठीक से काम करो

विद्यानगर जोन कार्यालय के बाद ऊर्जा मंत्री ने शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था और बिलों में गड़बड़ी को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जीएम सिटी सर्किल के अलावा कंपनी के सभी अधिकारियों को बुलाया गया था। बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने दो-टूक लहजे में कहा कि यह राजधानी है, यहां विद्युत आपूर्ति बिल्कुल भी बाधित नहीं होनी चाहिए। ट्रिपिंग होना भी गलत है। कोई कमी है तो उसे तुरंत दूर करो। जो भी अधिकारी व इंजीनियर ठीक से काम नहीं करेंगे। उनकी चिन्हित कर कार्रवाई के दायरे में लिया जाएगा। हम सभी के लिए उपभोक्ता पहली प्राथमिकता है।

# निजी स्कूल नहीं दे रहे टीसी, अभिभावक व छात्र परेशान

भोपाल मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया 15 जून से शुरू कर दी गई है। कोरोना काल में निजी स्कूल संचालकों द्वारा पूरी फीस वसूलने के कारण अनेक विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में दाखिला लेना चाहते हैं, लेकिन निजी स्कूलों द्वारा स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टीसी) नहीं देने के कारण परेशानी हो रही है। यहां तक कि उत्कृष्ट विद्यालय व मॉडल स्कूल के कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए भी अनेक विद्यार्थियों को अपने स्कूल से टीसी नहीं मिली है। इससे वे दाखिला आवेदन की प्रक्रिया को पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इन स्कूलों में प्रवेश लेने के लिए आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी और मेरिट में भी आए हैं। अब अगर इन विद्यार्थियों को निजी स्कूलों से टीसी नहीं मिली तो उपरोक?त दोनों स्कूल में वे पढ़ने से वंचित रह जाएंगे। राजधानी के अन्य सरकारी स्कूलों में भी एडमिशन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों के बीच ऐसी समस्या सामने आ रही है। बता दें, कि सरकारी स्कूलों में 30 जून तक दाखिला होना है, ऐसे में बिना टीसी के सरकारी स्कूल प्रवेश नहीं दे रहे हैं।

### विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी

शिवाजी नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर की आठवीं पास छात्रा रेशमा पटेल ने उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए लिए परीक्षा पास कर ली है, लेकिन उसे स्कूल से टीसी नहीं मिल रही है। इस कारण छात्रा परेशान है। वहीं मॉडल स्कूल में कक्षा नौवीं में एडमिशन के लिए पहुंचे छात्र अनिकेत शर्मा को भी अपने स्कूल से टीसी नहीं मिल रहा है। उसने बताया कि वह इस स्कूल से आठवीं कक्षा तक पढ़ाई की है, लेकिन पिछले साल के कुछ माह का फीस बकाया है तो प्राचार्य उसे टीसी नहीं दे रहे हैं।

स्कूल के 50 फीसद से अधिक बच्चों की पिछले साल से फीस बकाया है। ऐसे में अगर बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं तो उन्हें बकाया फीस भरनी होगी। तभी टीसी मिलेगी।

**-शिवराज सिंह चौधरी, प्राचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर, शिवाजी नगर**

इस साल निजी स्कूलों के बच्चे कक्षा नौवीं में एडमिशन के लिए अधिक आ रहे हैं, लेकिन उन्हें निजी स्कूलों से टीसी नहीं मिलने से उनका दाखिला नहीं हो पा रहा है। इस कारण वे परेशान हो रहे हैं।

**-सुधाकर पाराशर, प्राचार्य, उत्कृष्ट विद्यालय**

### मध्य प्रदेश के किसानों को पांच हजार करोड़ रुपये से ज्यादा मिल सकता है खरीफ फसलों का बीमा

**भोपाल।** पिछले साल अतिवृष्टि से खराब हुई खरीफ फसलों का बीमा किसानों को पांच हजार करोड़ रुपये से ज्यादा मिल सकता है। इसके लिए फसलों को हुए नुकसान का आकलन कराकर बीमा दावों को तैयार किया जा रहा है। इन्हें बीम कंपनियों को भेजा जाएगा। आगामी दो-तीन माह में प्रक्रिया पूरी करके बीमा की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा कराई जाएगी। प्रदेश में पिछले साल 44 लाख से ज्यादा किसानों ने खरीफ फसल का बीमा कराया था।

# बड़ा तालाब में नहा रहे बच्चों से पुलिस ने लगवाई उठक-बैठक, कराई अर्धनग्न परेड

**भोपाल।** राजभोज प्रतिमा के नीचे बड़े तालाब में नहा रहे करीब एक दर्जन नाबालिगों को नगर निगम के गोताखोरों ने पकड़ लिया और उनके कपड़े जब्त कर लिए। डायल-100 पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो उसने मौके पर पहुंचकर इन बच्चों से तालाब किनारे ही उठक-बैठक लगवाई और मुर्गा बनाया। इतना ही नहीं, अर्धनग्न अवस्था में उन्हें सड़क पर भी घुमाया। इसके बाद उनके कपड़े वापस किए गए। घटना बीते रविवार की है।इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आने के बाद अब नगर निगम के गोताखोरों और पुलिस की कार्रवाई का विरोध शुरू हो गया है। इस मामले में उन बच्चों के परिजन जिला प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारियों से शिकायत करने की बात कह रहे हैं।जानकारी के अनुसार रविवार को शहर में जनता कर्फ्यू लागू था। ऐसे समय में करीब दर्जनभर किशोरवय बालक वीआइपी रोड पहुंचकर बड़ा तालाब में नहा रहे थे। यह देख वहां मौजूद नगर निगम के गोताखोरों ने उन?हें पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इन बच्चों का सड़क पर अर्धनग?न अवस?था में जुलूस निकाला गया। इसके बाद डायल-100 के चालक ने हाथ में डंडा लेकर उनसे उठक-बैठक कराई और उन?हें मुर्गा बनाया। तब जाकर उनको छोड़ा गया और उनके कपड़े वापस दिए गए। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद से बच?चों के परिजनों में आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर बच?चे जनता कर्फ्यू के दौरान तालाब में नहाने चले गए तो उन?हें दूसरे तरीकों से भी दंडित किया जा सकता था। परिजनों को बुलाकर इसकी जानकारी देनी चाहिए थी। इस तरह से उन?हें अर्धनग्न हालत में सड़क पर घुमाने और उठक-बैठक लगवाने की क?या तुक है।

# संविदा प्राध्यापकों ने नौकरी के लिए बजरंगबली के दरबार में लगाई अर्जी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के यूआइटी के करीब 100 संविदा प्राध्यापकों की सेवा इस कोरोना काल में समाप्त कर दी गई है। हालांकि, इसे प्रबंधन नियमित होने वाली प्रक्रिया बता रहा है। वहीं, संविदा प्राध्यापकों ने बताया कि वे सोमवार को कुलसचिव डॉ. आरएस राजपूत से मिलने गए, लेकिन उन्होंने मिलने से मना कर दिया। इसके बाद सभी संविदा प्राध्यापक हनुमान जी के मंदिर पहुंचे और उनके दरबार में नौकरी वापस दिलाने की अर्जी लगाई। प्रांतीय तकनीकी अतिथि एवं संविदा प्राध्यापक महासंघ के नेतृत्व में सभी ने हनुमानजी से नौकरी वापस दिलाने की गुहार की। संविदा प्राध्यापकों का आरोप है कि वे रजिस्ट्रार से मिलकर अपनी नौकरी के आदेश निकालने का आग्रह करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने आग्रह सुनने के बजाय एक महिला गार्ड को आगे कर दिया। उसने सभी प्राध्यापकों से बदसलूकी की। इतना ही नहीं, महिला गार्ड ने महिला आयोग एवं थाने में जाकर एफआइआर दर्ज कराने की धमकी भी दी। वहीं, कुलसचिव कार्यालय के एक कर्मचारी ने सभी महिला प्राध्यापकों से बदसलूकी कर मारके भगाने की धमकी दी। इस घटना की शिकायत कुलपति प्रो. सुनील कुमार गुप्ता को कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। प्राध्यापकों ने रजिस्ट्रार के इस गलत व्यवहार का विरोध किया एवं अपनी नौकरी वापस मिल जाए, इसके लिए प्रांगण में स्थित में स्थित हनुमान जी के मंदिर में प्रार्थना की और एक प्रार्थना पत्र दिया। सभी ने अपनी परेशानी से अवगत कराया एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। गौरतलब है कि आरजीपीवी में यूआइटी के 72, पालीटेक्निक के 25 संविदा प्राध्यापक करीब बारह साल से पढ़ा रहे हैं। संविदा प्राध्यापकों ने बताया कि आरजीपीवी हर साल संविदा प्राध्यापकों को पुन- नियुक्त कर देता है, लेकिन इस बार बाहर कर दिया गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवांश जैन ने बताया कि मंगलवार को तकनीकी शिक्षा मंत्री से मिलकर ज्ञापन देंगे और हमें नौकरी पर वापस नहीं लिया गया तो भूख हड़ताल करेंगे।

नियमित प्रक्रिया है। संविदा प्राध्यापकों को छह माह के लिए रखा जाता है। उनकी समय अवधि समाप्त हो चुकी है। इन्हें दोबारा रखने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही आदेश जारी किए जाएंगे।

**-डॉ. आरएस राजपूत, रजिस्ट्रार, आरजीपीवी**

# भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान में किया गया योगासन

**ग्वालियर।** भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रंध संस्थान मुख्यालय गवालियर (आईआईटीएम) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रात:काल 6 बगजे समस्त केन्द्रों नोएडा, भवनेश्वर, नेल्लोर, गोवा तथा कैंप ऑफिस बोधगया और शिलांग के समस्त संकाय सदस्यों, समस्त वर्ग के अधिकारियों, कर्मचारियों एव समस्त छात्र छात्राओं के साथ ऑन लाईन योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई गई। कार्यक्रम का सीध प्रसारण यट्यूब के माध्यम से भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन गाकर किया गया। कार्यक्रम में ग्वालियर मुख्यालय एवं अन्य केन्द्रों से कुल मिलाकर 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया साथ ही साथ लाइन प्रसारण का दृश्याकंन भी 100 से अधिक सदस्यों ने किया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के नोडल अधिकारी द्वारा छात्र छात्राओं को बताया गया कि योग दीर्घजीवन प्रदान करता है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए भारत देश में सर्वप्रथम योग दिवस 21 जून 2015 को आयोजित किया गया जिसकी पहल भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण से की थी। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक द्वारा मानव जीवन में योग की महता को छात्र छात्राओं को बताते हुए प्रमुख्य योगासनों का अभ्यास कराया गया जिनकी शुरुआत योग के माध्यम से शारीरिक व्यायामों के साथ की गई तत्पश्चात ताड़ासन, कोणासन, मडूकासन, वक्रासन, गोमुख आसन, भुजंगासन और भालभासन जैसे विभिन्न योगासनो का भी प्रशिक्षण प्रदर्शन के साथ दिया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर (डॉ) आलोक शर्मा ने अपने उदबोधन में बताया कि वर्तमान समय में कोविड 19 महामारी ने लोगों में तनाव और चिंता बढ़ा दी है, योग हमारे मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक सद्भाव कायम करने में सहयोग करता है और दैनिक तनाव और उसके परिणामों का प्रबंधन करता है। संस्थान में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया।

# आइएएस अधिकारी लोकेश जांगिड़ ने दिया नोटिस का जवाब

**भोपाल ।** वरिष्ठ अधिकारी के साथ संवाद को रिकॉर्ड करके कुछ अधिकारियों को भेजने के मामले में घिरे 2014 बैच के आइएएस अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ ने सामान्य प्रशासन विभाग को जवाब दे दिया। जवाब में उन्होंने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। बताया जा रहा है कि सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन करने के मामले में जांगिड़ के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक जांगिड़ ने सोमवार को अपना जवाब सामान्य प्रशासन विभाग को दिया। उन्होंने विभाग की प्रमुख सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी के साथ तबादले को लेकर हुए संवाद को रिकॉर्ड करके कुछ अधिकारियों को भेजा था। हालांकि, उनका कहना है कि मात्र 42 दिन में बड़वानी से तबादला होने पर अधिकारी इसकी वजह पूछ रहे थे इसलिए उन्होंने वह वार्तालाप भेज दिया। उनके इस आचरण को विभाग ने सेवा नियमों के विरुद्ध मानते हुए सात दिन में जवाब मांगा था, जो उन्होंने एक दिन पहले ही दे दिया। उधर, बड़वानी कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत करने के बाद जांगिड़ ने अब चुप्पी साध ली है। शिकायत पर जब पुलिस ने साक्ष्य मांगे तो वे उपलब्ध नहीं करा सके। उन्होंने बताया कि वह एप ही मोबाइल से हटा दिया है, जिस पर धमकी मिली थी।

# थाना परिसर में रिश्वत ले रहे टीआई को ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने दबोचा

**ग्वालियर।** ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस ने मुरैना जिले के सबलगढ़ टीआई को रिश्वत लेते पकड़ा. टीआई ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी की गाड़ी छोड़ने के एवज में रिश्वत ले रहा था. लेकिन रिश्वत के पैसे उसने खुद न लेकर अपने चपरासी से रिसीव कराए। थाना परिसर में बने आवास में टीआई ने रिश्वत की रकम अपने नौकर के हाथों से ली. टीआई और सब इंस्पेक्टर फरियादी की बाइक छोड़ने के एवज में 20 हजार रुपए पहले ही वसूल कर चुके थे. उसके बाद 7 हजार रुपये और मांग रहे थे. फरियादी की शिकायत पर लोकायुक्त ने जांच में मामले को सही पाया. जिसके बाद सोमवार देर रात लोकायुक्त की टीम ने टीआई के खिलाफ कार्रवाई की।

### टीआई कर चुके थे बीस हजार की वसूली

ग्वालियर लोकायुक्त टीम के इंस्पेक्टर बृजमोहन नरवरिया ने बताया कि 14 जून की शाम सबलगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान बाइक से भाग रहे पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया थाऋषिकेश ने पुलिस को बताया कि उसकी गाड़ी दोस्त के पास थी. जहां से ये आरोपी गाड़ी लेकर भाग आया लोकायुक्त ने बताया कि टीआई नरेंद्र शर्मा, सब इंस्पेक्टर महावीर शर्मा ने 14 जून की रात को ऋषिकेश को पॉक्सो एक्ट के आरोपी को सहयोग देने का मामला दर्ज करने के लिए धमकाया. ऋषिकेश ने पुलिस से पीछा छुड़वाने के लिए 15 हजार रुपए दिये. लेकिन टीआई ने उससे 20 हजार रुपए और मांगे. परेशान ऋषिकेश ने 16 जून को इस मामले की ग्वालियर लोकायुक्त से शिकायत कर दी लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने ऋषिकेश की शिकायत की जांच के लिए 18 जून को टीआई नरेंद्र शर्मा और फरियादी ऋषिकेश की बातचीत रिकार्ड कराई. बातचीत में 20 हजार रुपए की बात 12 हजार में सैटल हो गई. ऋषिकेश ने पांच हजार रुपए वहीं दिए और सात हजार रुपए 21 जून को देने के लिए कहा. बातचीत की रिकार्डिंग के आधार पर लोकायुक्त ने टीआई नरेंद्र शर्मा और सब इंस्पेक्टर महावीर शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया और फिर 21 जून को मुरैना पहुंचकर ट्रेप की कार्रवाई को अंजाम दिया

### थाना परिसर में ले रहे थे रिश्वत...

ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने बीती रात सबलगढ़ थाना में रिश्वत खोरी का मामला उजागर किया. विजयपुर में रहने वाले ऋषिकेश गोस्वामी थाना प्रभारी नरेद्र शर्मा के घर पहुंचे और उन्हें 7 हजार रुपए दिये. नरेंद्र शर्मा ने अपने कर्मचारी महेंद्र पाल को रिश्वत की रकम लेकर अलमारी में रखने के लिए कहा. ऋषिकेश रुपये देकर बाहर निकला तो पहले से वहां मौजूद ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने टीआई के घर पर धावा बोल दिया. घर की तलाशी ली तो रिश्वत में लिए गए कैमिकल लगे नोट बरामद कर लिए गए. जब कर्मचारी महेंद्र पाल के हाथ धुलवाए तो वो लाल हो गए

# आयुध निर्माणियों मे योग और वृक्षारोपण



**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणियों मे गत दिवस योग और वृक्षारोपण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें कर्मचारी और उनके परिवारों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। खमरिया लेख योगा केंद्र में योगा दिवस पर विशेष आयोजन किया गया इस अवसर पर योगाचार्य ख्यालीराम रघुवंशी के निर्देशन में क्षेत्रीय जनों एवं निर्माणी के कर्मचारियों और अधिकारियों ने योगके साथ स्वास्थ्य से जुड़े हुए विषयों पर संगोष्ठी में हिस्सा लिया एव वृक्षारोपण किया। वाहन निर्माणी में योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन वाहन निर्माणी के ऑफिसर्स मेस में महाप्रबंधक अतुल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें महिला कल्याण समिति की भी सहभागिता रही। महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती अंजलि गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। योगाभ्यास न योगाचार्य भारत भूषण ने करवाया। सभी सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए सीमित संख्याबल के साथ यह कार्यक्रम संपन्न किया गया। महाप्रबंधक अतुल गुप्ता जी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग को नियमित रूप से अपनाने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में ओ.पी.तिवारी एवं प्रेमचंद्र, अपर महाप्रबंधक, राजीव कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक, सुश्री शेफाली तिवारी, कार्यप्रबंधक तथा श्री शैलेन्द्र सिंह, कनिष्ठ कार्य प्रबंधक के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ग्रे आयरन फाउंड्री (जीआईएफ) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक अजय सिंह ने विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं दी, सभी के स्वस्थ रहने की कामना की। महाप्रबंधक ने निर्माणी परिसर में छायादार और फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। सह जन सम्पर्क अधिकारी अनिल शुक्ला ने बताया कि इस मौके पर सभी ने प्रकृति से जुडने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संयुक्त महाप्रबंधक, के एस मीणा, कार्य प्रबंधक ज्ञानेंद्र सिंह, शुभेंद्र पिपरैया, मनोज कुमार, टोटल मंडल, नित्येश शर्मा, राजकिशोर खरे, अनिल शुक्ला, लक्ष्मन पांडे, रविशंकर प्रधान, अजय कुमार, दीपक सिंह, राजकुमार, सुनील एवं उनकी टीम के सदस्यों का सक्रिय योगदान अत्यंत ही सराहनीय रहा।

**व्ही एफ जे खमरिया जी आई एफ मे आयोजन**

# सैकड़ों रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किया योग

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2021 के अवसर पर वर्चुअल/ फिजिकल योग कार्यक्रम में रेल सौरव अधिकारी क्लब में सुबह 7:00 बजे 20 अधिकारियों ने योगाचार्या कुमारी नीतू चौहान एवं रेलवे स्टेडियम में सुबह 8:00 बजे 30 रेल अधिकारी/कर्मचारी ने योगाचार्य जयराम के नेतृत्व में योग अभ्यास किया गया। इसके अतिरिक्त वर्चुअल माध्यम से 20 रेल कर्मियों एवं रेल परिजनों ने अधिक से अधिक संख्या में घर पर रह इस योग अभ्यास कार्यक्रम से जुड़ कर इसको सफल बनाया। इस योग शिविर में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत योग प्रशिक्षकों द्वारा योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया तथा योग स्वास्थ्य के लिए उपयोगी विभिन्न प्रकार के प्राणायाम कराए गए तथा तनाव प्रबंधन एवं रक्त संचार को नियंत्रण करने में उपयोगी विभिन्न आसन भी कराए गए। पमरे द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस द्-बुकलेट का कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहतमहाप्रबंधक के संदेश का भी विमोचन किया गया। इस संबंध में पमरे सीपीआरओ राहुल जयपुरियार ने बताया कि पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों पर योग के प्रचार के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये।



जबलपुर मण्डल में उमंग सामुदायिक भवन में 4 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। मण्डल के 103 स्टेशनों पर भी योगाभ्यास किया गया। भोपाल मण्डल में वर्चुअल एवं फिजिकल योगाभ्यास किया गया। मण्डल के 90 स्टेशनों पर भी योगाभ्यास किया गया। इसके साथ भोपाल स्टेशन पर 76 यात्रियों की भी योग कराके अंतराष्ट्रीय दिवस पर लोगों को जागरूक किया तथा योग के लिए संदेश देकर प्रेरित किया। इसी प्रकार कोटा मण्डल पर स्लोगन, निबंध एवं वर्चुअल क्विज प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया। च्च योग ?ोर वैलनेस च्च थीम पर ऑनलाइन योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया।पमरे के स्काउट एवं गाइड के सदस्यों द्वारा रेल कालोनियों में योग एवं कोविड-19 वैक्सीनेशन जागरूकता एवं योग से संबंधित ऑनलाइन क्विज एंड निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पश्चिम मध्य रेल के बड़े स्टेशनों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पोस्टर, बैनर और जिंगल एवं योग से संबंधित वीडियो क्लिपिंग एवं अनाउंसमेंट द्वारा पैसेंजर एवं कर्मचारियों का योग करने हेतु प्रेरित किया गया है।

## रेल सौरव क्लब एवं रेलवे स्टेडियम में किया योगा अभ्यास पमरे के 193 स्टेशनों पर किया योगाभ्यास

### जागृति सेंटर में भी हुआ योगा का आयोजन

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा जागृति सेंटर में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती अर्चना सिंह के मार्गदर्शन एवं संगठन की अन्य सदस्यों के नेतृत्व में जागृति सेंटर पहुँचकर बच्चों को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शारिरिक स्वास्थ के लिए, अपने दिनचर्या में योग करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के उपयोगी विभिन्न योग के आसन कराया एवं उनके महत्व की भी जानकारी दी। जागृति सेंटर बच्चों ने भी योग अभ्यास करके अति उत्साहित हुये।

### प्रतियोगिता में 23 टीमों ने लिया भाग

इसी तारतम्य में इस अवसर पर बच्चों से पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगताओं में जागृति सेंटर के बच्चों ने बढचढ कर भाग लिया। पमरे मुख्यालय में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग विषय पर वर्चुअल ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन पमरे अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. के. अलबेला के निर्देशन में और मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में मुख्यालय और तीनों मण्डलों एवं दोनों कारखानों के अधिकारियों को मिलाकर 23 टीमों ने भाग लिया। इस क्विज प्रतियोगिता में मुख्यालय की 04 टीमें से 08 अधिकारी, जबलपुर मण्डल की 05 टीमें से 10 अधिकारी, भोपाल मण्डल की 05 टीमें से 10अधिकारी, कोटा मण्डल की 05 टीमें से 10 अधिकारी, सीआरडब्ल्यूएस भोपाल की 02 टीमें से 04 अधिकारी एवं डब्ल्यूआरएस कोटा की 02 टीमें से 04 अधिकारी सहित 46 अधिकारियों ने भाग लिया है। इस प्रतियोगिता में कोटा मण्डल की टीमों ने प्रथम , तृतीय एवं पांचवा स्थान प्राप्त कर सबको चकित कर दिया। जबकि द्वितीय स्थान पर भोपाल एवं चौथे स्थान पर जबलपुर की टीमों को संतोष करना पडा।

# श्री जगद्गुरु शंकराचार्य महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**गोटेगांव-** श्री जगद्गुरु शंकराचार्य कला, वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय श्रीनगर (गोटेगांव) में सातवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दिलीप पाठक जी की अध्यक्षता में योगाभ्यास किया गया जिसमें सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, ताड़ासन, सिंहासन, सर्वांगासन आदि किए गए तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य ने योग के बारे में कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना, यानी जीवात्मा का परमात्मा से मिलना पूरी तरह से एक हो जाना, हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के द्वारा शरीर मन और प्राण की शुद्धि तथा परमात्मा के लिए ही योग की शुरुआत की थी द्य महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राहुल नेमा ने योग के लाभ को बताते हुए कहा कि इस कोरोना वायरस से बचाव हेतु हमें अपने शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए द्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर आरती शर्मा ने विभिन्न योगासन को सभी के सामने करते हुए उनकी निश्चित समयावधि को बताया एवं दोनों रासेयो इकाईयों के सभी स्वयं सेवकों को प्रतिदिन योग करने हेतु निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रो. कमल पटैल, योग शिक्षकसुनील कहार, प्रो, विवेक जैन, डॉ. आशीष ठाकुर, प्रो. विनीत पाठक, प्रो. भूपत सेन, प्रो. पंकज नामदेव. प्रो. शंभु डेहरिया. प्रो. शीतल गुप्ता, भूपेश सेन, दिनेश दुबे, देवसिंह मेहरा, दिनेश कहार आदि उपस्थित रहे।

## योग दिवस पर किया योगा



गोटेगांव। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के आवाहन पर पुराना बस स्टैंड पर एवं स्टेडियम में सामूहिक रूप से योग कराया गया अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल ने कहा की हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी ने हमारी भारत की प्राचीन परंपरा से जारी योग करें रहे निरोग की अवधारणा को पूरे विश्व में स्थापित किया है जो कि गौरव की बात है 21 जून को पूरे विश्व में एक साथ योग किया जाता है आज गोटेगांव नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत सामूहिक रूप से हम सभी ने योग किया सभी से हमारी अपील है कि प्रतिदिन स्वस्थ रहने के लिए योग अवश्य करें जिससे हम और हमारी आने वाली पीढ़ी निरोग रहे क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति ही सभी क्षेत्र के विकास में सहभागी होता है उक्त आशय के विचार नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल ने स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम व्यक्त किए साथ ही आज 21 जून से वैक्सीनेशन महा अभियान में सभी वर्ग के लोगों से पार्टी जनों से सामाजिक संगठनों से विशेष सहयोग करके अधिक से अधिक व्यक्तियों तक वैक्सीन महा अभियान में सहयोग करने की बात कही जिससे आगामी समय में कोरोना महामारी प्रभावी ढंग से को रोका जा सके इस अवसर पर विगत कई वर्षों से जब जागो तब सवेरा समिति एवं भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में सामूहिक योग क्लास में योग गुरु अखिलेश जैन द्वारा योगा कराया गया साथ ही सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न आसन कराए गए इस अवसर नगर पालिका द्वारा उपस्थित जनों को रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाले आयुष काढा एवं समशनी बटी का भी वितरण किया गया पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता वीरसेन सोनी, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार राजकुमार जैन मंडल अध्यक्ष अभिषेक पटेल योगा आयोजन प्रभारी बी डी सोनी पंकज चौकसे पंकज जैन पार्षद दीपक सोनी अधिवक्ता देशराज राजपूत केके सराठे आनंद अग्रवाल संदीप जैन आलोक जैन निखिल जैन सोनू साहू अमित सोनी सलिल जैन मनीष राय राजू सोनी अनुराग उपाध्याय संजय साहू आदि के साथ बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे वही बस स्टैंड पर आए हुए कार्यक्रम में समाजसेवी ज्ञान वरडिया सतीश अग्रवाल मुकेश चोकसे के सहयोग से विधिवत योग क्लास लगाकर नागरिकों से प्रतिदिन योग करने की अपील की गई।

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय व शा. स्कूल चौरई में योग प्रशिक्षण



**कुंडम।** आज विश्व योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कुंडम द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कुंडम एवं शासकीय स्कूल चौरई मैं योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू, मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष बिहारी सिंह भवेदी, शिवांशु जायसवाल एवं ग्राम के सभी गणमान्य नागरिकों एवं माता बहनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ..

# पाटन में टीकाकरण में बना नया रिकॉर्ड



**पाटन।** टीकाकरण महाअभियान में पाटन तहसील में कोविड 19 के टीकाकरण में नया रिकॉर्ड बनाया है तहसील में बनाये गए 31 केंद्रों में 5351 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 3806 और पाटन और कटंगी नगर परिषद में 1545 लोगो को कोरोना के टीके लगाए गए पाटन विधायक अजय विश्नोई द्वारा सामुदायिक भवन कटंगी में दीप प्रज्वलित कर इस महाअभियान की सुरुआत की इस महाअभियान में अब तक एक दिन सर्वाधिक टीकाकरण का रिकॉर्ड बना है पाटन में बनाये गए टीका केंद्र में सेल्फी पॉइंट लोगो के आकर्षण का केन्द्र बना बही ग्राम जूरी कला में भजन मंडली द्वारा केंद्र के बाहर सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गयी बही जबलपुर अपर कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया इस पूरे अभियान में तहसीलदार प्रमोद चतुर्वेदी के साथ विधायक प्रतिनिधि जगेन्द्र सिंह बालचंद जैन राजकुमार सिंह देवेंद्र यादव कृष्ण शेखर सिंह के साथ नगर परिषद उपयंत्री स्वप्निल जैन थाना प्रभारी आसिफ इकवाल के साथ स्वास्थ्य विभाग और शासकीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला मंडल ने किया योग



**पाटन।** विश्व योग दिवस पर अखिल भारतीय महिला परिसद मनोरमा संभाग की जागृति शाखा पाटन की बहनो द्वारा योग दिवस पर योग किया गया साथ ही योग के महत्व को लोगो तक पहुचाया योग से सिर्फ रोगों और बीमारियों से छुटकारा नही मिलता बल्कि नियमित योग से शरीर मे ऊर्जा का संचार भी होता है योग हमे स्वस्थ सूंदर शरीर प्रदान करता है योग हमारी संस्कृति का प्रमुख हिस्सा है योग मानसिक शारीरिक आध्यात्मिक तीनो रूप से महत्वपूर्ण है शाखा की अध्यक्ष अभिलाषा सिंघई मंजू श्री रश्मि जैन के साथ सभी बहनो ने योग किया और संकल्प लिया कि बह नियमित योग करेगी और योग के लिए सभी को प्रेरित करेगी।

# सभी ने लिया बढचढकर — नगर में लक्ष्य से अधिक टीकाकरण

**सिहोरा ।** कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु आमजन को वैक्सीन रुपी सुरक्षा कवच पहनाने प्रदेश सरकार के वैक्सीन महा अभियान को सफल बनाने शासन प्रशासन जनप्रतिनिधि तथा जागरूक नागरिकों के प्रयास से सफल बनाया गया नगर के चार टीकाकरण केंद्रों के अलावा विकासखंड की 26 ग्राम पंचायतों में प्रात: 10 बजे महापुरुषों के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ वैक्सीन महा अभियान का शुभारंभ किया गया। नगरीय क्षेत्र में टीकाकरण केंद्रों पर लंबी लंबी कतारें लगी रही वहीं युवाओं के साथ-साथ भारी संख्या में वृद्धों ने भी टीकाकरण केंद्र पहुंचकर वैक्सीन लगवा कर वैक्सीन लगवाने से डर रहे लोगों को वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित किया ।

सिहोरा विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरपी त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत टीकाकरण केंद्र हिंदी स्कूल, कुररिया शाला एवं उपनगर खितौला के दो टीकाकरण केंद्रों को 1650 सहित विकासखंड को 5700 वैक्सीन के डोज लगाने का लक्ष्य प्रदान किया गया था। जिसमें 5616 डोज लग चुके है अभियान के अंतर्गत 18 प्लस के 4913 प्रथम डोज एवं 45प्लस के 668 प्रथम डोज एवं 35 सेकेन्ड डोज लगाये गये ।इस प्रकार विकासखण्ड में 99 प्रतिशत टीकाकरण हुआ ।

वैक्सीनेशन में रोचकता लाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता समाजसेवी विनय असाटी द्वारा वैक्सीन लगवाने वालों को 1-1 मच्छरदानी का वितरण किया गया ।साथ ही लकी ड्रा रखा गया जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार रखे गए एवं उपस्थित कर्मचारियों के लिए 1 महीने का रिचार्ज कूपन लकी ड्रा रखा गया। उल्लेखनीय है की ग्राम पंचायत धनगवॉ मैं वैक्सीनेशन कार्यक्रम मैं भारी संख्या में लोग सम्मिलित हुए । स्वास्थ्य विभाग अमले से सरिता नेवारे, ऋतुराज गुप्ता ग्राम पंचायत सरपंच श्री राम कुमार पटेल, सचिव हीरालाल झारिया ,रोजगार सहायक बलराम सेन के साथ आशा जन सेवा समिति के संचालक विनय असाटी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष व मैं कोरोना वालेंटियर विमल किशोर यादव व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व पटवारी पंकज परोहा पीसीओ सुनील सरावगी जी एवं उपयंत्री आशीष पटेल सम्मिलित हुए महा अभियान में गांव के 280 लोगों को वैक्सीन लगाई गई अब तक ग्राम के 550 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। वेक्शीनेशन महाअभियान को सफल बनाने जहां शासन प्रशासन स्तर पर व्यापक प्रयास किए गए वही नेताओं समाजसेवियों ने भी सोमवार को विभिन्न सेंटरो मे पहुचकर मोर्चा सम्हाला और वेक्शीन लगवाने आये लोगों की मदद की इस अवसर पर राजा मोर, शिशिर पांडे,अरूण जैन, अभिषेक परोहा, विनय जैन, अनुपम सराफ, राजेश दहिया, माधव मिश्रा, प्रशांत परौहा,चीकू तिवारी, गीता पटेल, ज्योति पटेल ,आशीष सरदार,अशोक चौधरी आदि का सक्रिय योगदान रहा।

वेक्शीन लगवाने आए लोगों का कुररिया शाला सहित अन्य वैक्सीनेशन सेंटरो में माला पहनाकर स्वागत किया गया । सभी सेंन्टरो में पानी आदि के साथ बैठक की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की गई थी एसडीएम आशीष पांडे एवं बीएमओ आर पी त्रिपाठी के मार्गदर्शन में गठित मोबाइल टीम ने जगह-जगह पहुंचकर आम लोगों को वेक्शीन का टीका लगाया अभियान को सफल बनाने के लिए तहसीलदार राकेश चौरसिया, सीएमओ जयश्री चौहान ने राउंड पर रहकर समय-समय पर सभी वैक्सीनेशन सेंटर की जानकारी ली एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




## महाअभियान में सिहोरा में 99 प्रतिशत वैक्सीनेशन

# कोरोना त्रासदी से मुक्ति का महाकुंभ

## वैक्सीनेशन के महा अभियान का उत्सवी अंदाज में आगाज

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय सहित संपूर्ण जिले में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वैक्सीनेशन के महा अभियान का उत्सवी अंदाज में आगाज हुआ पहले ही दिन सुबह से कई सेंटरों पर लंबी कतारें लग गई थी। वैक्सीनेशन के महा अभियान के लिए जिला प्रशासन ने आम चुनाव की तरह तैयारी की थी वैक्सीनेशन केंद्रों को आकर्षक ढंग से गुब्बारों एवं रंगोली आदि से सजाया गया है इसी कड़ी में जिला मुख्यालय में बनाए गए वैक्सीनेशन केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया थाअनूपपुर जिला मुख्यालय सहित अनेक स्थानों में वैक्सीन लगवाने लोगों खास तौर पर युवाओं में उत्साह देखा गया जिले भर में अनेक स्थानों में वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए वही ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर वैक्सीनेशन सेंटर बने हैंकलेक्टर सोनिया मीणा ने अनूपपुर में टीकाकरण महा अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर मौजूद लोगों को उन्होंने टीकाकरण महा अभियान को सफल बनाने का संकल्प भी दिलाया कोरोना वैक्सीनेशन महा अभियान के पहले दिन अनूपपुर के अनेक स्थानों में बनाए गए केंद्रों पर टीका लगवाने लोगों का आना सुबह से ही शुरू हो गया था जिले में कई टीकाकरण केंद्रों को आकर्षक शुरू भी दिया गया। पहले दिन अनूपपुर जिले के निवासियों में टीकाकरण के प्रति खासा उत्साह देखा गया ना केवल शहरी क्षेत्रों बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के टीकाकरण केंद्रों में भी भारी संख्या में लोग कोरोना का टीका लगवाने पहुंचे बुजुर्ग भी टीके लगवाने में पीछे नहीं रहे।

## ग्रामीण मंडल टीकाकरण प्रभारी ने किया आभार व्यक्त

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर ग्रामीण मंडल द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी को मंडल का टीकाकरण प्रभारी मनोनीत किया था। मंडल के प्रभारी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी ने मंडल अनूपपुर अंतर्गत वैक्सीनेशन महा अभियान में अपनी महती भूमिका निभाने वाले अधिकारियों कर्मचारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया है सभी का आभार व्यक्त करते हुए द्विवेदी ने कहा कि कोरोना त्रासदी से मुक्ति के लिए यह महाकुंभ आयोजित किया गया जिसमें सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और टीकाकरण कराया टीकाकरण कराने के लिए अधिकारियों कर्मचारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोगों को प्रेरित किया जिसका परिणाम यह रहा कि अनूपपुर जिले में रिकॉर्ड वैक्सीनेशन हुआ।।

## बैजनाथ साहु का निधन

**सिहोरा।** कालभैरव चौक वार्ड नम्बर 5 निवासी पूर्व प्राचार्य बैजनाथ साहू का 81 शाल की उम्र में निधन हो गया। वे विजय साहु के भाई एंव हिमांशु साहु के पिता थे । अंतिम संस्कार गंजताल मार्ग पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया।



# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुए जगह जगह आयोजन

**सिहोरा ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सोमवार को जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए गये एंव लोगो को योग का महत्व बताया गया।



### सब जेल सिहोरा में मनाया गया योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सब जेल सिहोरा में जेलर दिलीप नायक के मार्गदर्शन में बंदियों एवं स्टॉफ द्वारा योग दिवस मनाया गया। सब जेल सिहोरा में प्रतिदिन बंदियों द्वारा योगा और प्राणायाम किया जाता है पिछले माह मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जेल में सात दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया था जिसमें प्रशिक्षित योग गुरु द्वारा बंदियों को योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया था। जेलर नायक द्वारा बताया गया कि निरोगी काया के लिए योग श्रेष्ठ साधन है योग से ही हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं एवं क्रोध को वश में कर अपराध विमुख हुआ जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासन द्वारा कोविड वेक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है उल्लेखनीय है कि सब जेल सिहोरा में पहले ही स्टॉफ व बंदियों का सौ प्रतिशत वेक्सीनेशन करा लिया गया है।

### ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा ने किया सामूहिक योग

अखिल भारतीय ब्रम्हाण समाज महिला मोर्चा की ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉक्टर कामिनी शुक्ला सिहोरा की अध्यक्षता में विश्व योग दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार एवं योग का कार्यक्रम विड्स एरोबिक्स क्लासेज में संपन्न किया गया जिसमें कार्यकारिणी की सभी सदस्य नीलिमा पांडे ,संगीता परोहा, प्रेरिका मिश्रा, वंदना मिश्रा एवं अन्य महिलाएं व बच्चे भी शमिल हुए गायत्री मंत्र के पाठ के साथ यह कार्यक्रम पूर्ण किया गया।

### करें योग, रहे निरोग का दिया मंत्र

योग भारत की अनमोल धरोहर है योग ने अनेक ऋषियों एवं वीरों को तैयार किया है । योग के दम पर असाध्य बीमारियों पर भी विजय पाई जा सकती है, यही संदेश देने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर नेहरू युवा केंद्र संगठन जबलपुर के विकासखंड मझौली सिहोरा के विभिन्न युवा एवं महिला मंडल सदस्यों द्वारा पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक सनिल यादव व अशोक राय के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक शुभम ताम्रकार व स्नेहलता यादव के निर्देशन में घर पर रहकर घर के सदस्यों के साथ योगासन किए तथा योग के लाभदाई परिणामों पर चर्चा की गई।

### स्व सेवा संयोजन समिति का वर्चुअल आयोजन

स्व सेवा संयोजन समिति द्वारा योग दिवस पर वर्चुअल आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ समिति की अध्यक्ष सुषमा कर्चूली ने किया यह आयोजन डा अरूणा पाडें के मुख्यातिथ्य, गौरीशंकर पांडे,भावना बर्वे , योग शिक्षिका विद्यावती परासर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया योग विशेषज्ञ विनीता शर्मा ने जहां सूर्य नमस्कार का महत्व बताया तो मंजुला गंगराडे ने योग पर व्याख्यान दिया तथा से शैल डोंगरे ने आसनों का अभ्यास कराया कि सखी ग्रुप की शिल्पा खरे ,सुषमा खरे, वैशाली तेजवानी,भारती ,सुधा पांडे ने आसनों का प्रदर्शन किया एंव बाल इकाई उडान के बच्चों ने आसन किए । विभा भटोरे ने योग गीत प्रस्तुत किया और राशी असाटी ने ओम के उच्चारण पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का संचालन मृदुला जी,आकर्ष,एंव रश्मि साथ सेठी ने किया ।

## वैक्सीन लगवाने लोगों की उमड़ी भीड़, नहीं रखा गया सोशल डिस्टेंसिंग

**जैतहरी।** प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जून को वैक्सीनेशन का महा अभियान चलाया गया किंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी में हो रहे वैक्सीनेशन में भारी लापरवाही देखने को मिली और लोगों द्वारा सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं किया गया जबकि वैक्सीन के लिए लगाई गई लाइन में सोशल डिस्टेंस का पालन करना था लेकिन जैतहरी में इन नियमों का पालन नहीं किया गया ना ही किसी के द्वारा इन्हें समझाइश दी गई।

# ग्राम पंचायत मेंडियारास में 100 प्रतिशत शफल रहा टीकाकरण महाअभियान

**अनूपपुर।** आज प्रदेश भर में सभी जिलों में टीकाकरण महा अभियान उत्साहपूर्ण माहौल में शुरू हुआ जिसमें कोरोना वालेंटियर के द्वारा लोगों को एनाउंसमेंट के माध्यम से सभी से अपील की कि स्वयं भी टीका लगवाए परिवार को भी लगवाए और पड़ोसियों को भी टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें जिससे की अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन हो सकें! जिसमें कोरोना वालेंटियर मोहन सिंह देवमणि कोल संतोष कोल अंशुमन बल कंचन सिंह की रही सराहनीय भूमिका! टीकाकरण महाअभियान में कोरोना वालेंटियर सरपंच व सचिव रोजगार सहायक आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आजीविका स्व सहायता समूह के सदस्य द्वारा जो वैक्सीन लगवाने के लिए आने वाले सभी लोगों को सहयोग प्रदान किया टीकाकरण केंद्र ग्राम पंचायत कार्यालय मेंडियारास में लोगों का वैक्सीन लगवाने का लक्ष्य रखा गया था जिसे पूरा करने के योजनाबद्ध तरीके से पूरी टीम के साथ कार्य किया और लक्ष्य को प्राप्त किया शत प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण हुआ!

## कोरोना वालेंटियर टीकाकरण केंद्र में एनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया

कोरोना वालेंटियर द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन महा अभियान में लोगों के शामिल होने एवं टीकाकरण कराने के लिए कोरोना वालेंटियर द्वारा अनूठी पहल प्रारंभ की गई थी!

ग्राम पंचायत मेंडियारास में टीकाकरण कराने के लिए कोरोना वालेंटियर द्वारा घर-घर जाकर हल्दी चावल से आमंत्रण दे रहे हैं और समझा रहे है की नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर में वैक्सीन जरूर लगवाए और दूसरों को प्रेरित भी करें!जिला समन्वयक वैक्सीनेशन सेंटर में पहुंचकर वैक्सीनेशन महाअभियान के संबंध में कोरोना वालेंटियर से जानकारी लीजन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री उमेश पांडे जी वैक्सीनेशन सेंटर ग्राम पंचायत कार्यालय मेंडियारास में पहुंच कर कोरोना वालेंटियर से मुलाकात कर वैक्सीनेशन महा अभियान के संबंध में जानकारी ली तथा कोरोना वालेंटियर्स के कार्यो की सराहना की गई!इस टीकाकरण महाअभियान में जन अभियान परिषद के कोरोना वालेंटियर मोहन सिंह देवमणि कोल संतोष कोल अंशुमन बल कंचन सिंह आशा कार्यकर्ता सीमा सेन मधु सोनी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरपंच राधाबाई कोल उपसरपंच अरविंद मिश्रा सचिव अरुण कुमार द्विवेदी रोजगार सहायक दयाराम कुशवाहा आजीविका स्व सहायता समूह के सदस्य एवं समस्त सामाजिक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे!

**सूचना**

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

**जाहिर सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा - मटामर पटवारी हल्का नंबर 48 रा.नी.मं. महाराजपुर तह. पनागर जिला जबलपुर स्थित ख.नं.18 एवं 22 रखवा क्रमश; 1.5300 एवं 0.7400 हेक्टेयर कृषि भूमि को खरीदने का सौदा मेरे पक्षकारगण 1. श्रीमती रश्मि सिंह पति रविंद्र एवं 2. श्रीमती वैशाली अवस्थी पति राजेश अवस्थी दोनों निवासी भगत सिंह वार्ड संजय नगर खेरमाई मंदिर के बाजू से रांझी जबलपुर ने विक्रेता /भूमि स्वामी श्री ओम प्रकाश यादव पिता- सुंदर लाल यादव निवासी -213 चुंगी नाका चंद्र शेखर वार्ड राँझी जिला जबलपुर से इकरार करना व उसका बैनामा रजिस्टर्ड कराना तय किया है इसलिए उपरोक्त कृषि भूमि की वर्तमान या पूर्व की स्थिति के संबंध किसी भी तरह की जानकारी किसी व्यक्ति संस्था फोरम, वेवसायिक फर्म बैंकस फाइनेंस संस्थाएं अथवा निगम आदि को हैं एवं उक्त भूमि मेरे पक्ष कार द्वारा खरीदने के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो इस प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के अंदर सारभूत प्रमाणों सहित लिखित आपत्ति / जानकारी मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर पावती लें और स्थिति को स्पष्ट करें उपरोक्त अवधि पश्चात यदि किसी प्रकार की कोई आपत्ति किसी भी के द्वारा की जाती है तो वह अमान्य तथा शून्य मानी जावेगी और उक्त अवधि में किसी भी के द्वारा कोई लिखित आपत्ति पेश नहीं की जाती है तो यह माना जावेगा कि उक्त संपत्ति हर प्रकार के झगड़ा फसाद भार कर्ज, रहन गिरवी दान आदि से मुक्त व पाक साफ है और ऐसी स्थिति में मेरा पक्षकार उपरोक्त किसी भूमि को क्रय करने हेतु इकरारनामा तथा उसके बाद रजिस्टर्ड बैनामा विविधत रूप से पंजीयन करा लेगा।

**के.आर. लाडिया एडवोकेट**
**मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर**
**मो.नं.-९७१३२९६८५९ , ९८२७४३००९८**

# इंस्टाग्राम वीडियो से खत्म हुआ कार्तिक का सस्पेंस

## सुपरहीरो बनकर किया दुश्मनों का खात्मा

करण जौहर की दोस्ताना-2 से बाहर होने के बाद खबरें आई थी कि कार्तिक को शाहरुख की फिल्म से भी बाहर कर दिया गया है।



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्म स्टार कार्तिक आर्यन पिछले दो दिनों से कुछ अलग सा लाने की बात कहकर अपने फैंस को टीज कर रहे थे। उन्होंने बीते दिन ही एक पोस्टर रिलीज कर फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा दिया था। कार्तिक ने बताया था कि कुछ मजेदार सामने आने वाला है। इसके बाद उन्होंने वह वीडियो जारी कर दिया है, जिसके बारे में वो बात कर रहे थे। यह वीडियो गेमिंग ऐप ब्राउल का है।

### कार्तिक ने कहा मैं भी ब्राउल स्टार

कार्तिक आर्यन ने ब्राउल एप का वीडियो शेयर करते हुए लिखा अब मैं भी ब्राउल स्टार, मुझे ब्राउल यूनिवर्स तक ले जाते हुए देखें और बताएं कि आप क्या सोचते हैं? इस वीडियो में कार्तिक ने काले रंग का सुपरहीरो वाली शूट पहना हुआ है और दुश्मनों से लड़ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत में रैप सुनाई दे रहा है और कार्तिक एक्शन पैक अवतार में काफी जच रहे हैं। कार्तिक आर्यन पोस्ट के बाद इसके बाद उनके फैंस उनकी नई फिल्म के ऐलान या किसी ब्रांड एनडॉर्समेंट को लेकर कयास लगा रहे थे। लेकिन कार्तिक आर्यन ने वीडियो गेम कंपनी के साथ करार किया है।

### दोस्ताना 2 से निकाले जाने पर विवाद

वर्कफ्रंट की बात करें तो कार्तिक आर्यन को कुछ समय पहले %दोस्ताना 2% से बाहर किया गया था। करण जौहर ने बताया था कि कार्तिक का रवैया काफी अनप्रोफेशनल है। इस वजह से उन्हें फिल्म से बाहर किया गया है। वहीं दूसरी खबरें आई थी कि लॉकडाउन के दौरान कार्तिक आर्यन का कद काफी ज्यादा बढ़ा है और उन्होंने लॉकडाउन के बाद शूट शुरू करने से पहले अपनी फीस बढ़ा दी थी। इस वजह से उन्होंने करण जौहर से भी ज्यादा पैसों की मांग की थी, जिसके लिए करण जौहर तैयार नहीं थे। इसके बाद उन्हें फिल्म से निकाल दिया गया।

अभी भी कार्तिक के पास दो फिल्मों का काम

करण जौहर की दोस्ताना-2 से बाहर होने के बाद खबरें आई थी कि कार्तिक आर्यन को शाहरुख खान की एक फिल्म से भी बाहर कर दिया गया है। इसके बाद सोशल मीडिया में भी कार्तिक और वंशवाद को लेकर चर्चा हुई थी। कुछ लोगों ने फिर से करण जौहर को टारगेट किया था और शाहरुख खान पर भी वंशवाद के आरोप लगाए थे। हालांकि, ये दो फिल्में जाने के बाद भी कार्तिक के पास काम है। उनकी भूल भुलैया-2 और धमाका फिल्म जल्द ही पर्दे पर आएंगी।

# अली गोनी ने किया भांडाफोड़

## जैस्मिन भसीन और विक्की कौशल के नाम पर हो रहा था फॉड

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर अली गोनी और जैस्मिन भसीन इंडस्ट्री के सबसे चर्चित कपल में से एक हैं। बिग बॉस फेम शहनाज़-सिद्धार्थ, हिमांशी और आसिम की तरह अली और जैस्मिन की जोड़ी को भी लोग खूब पसंद करते हैं। अली जैस्मिन को कितना प्रोटेक्ट करते हैं ये तो आप बिग बॉस में देख ही चुके हैं। हाल ही में अली ने जैस्मिन और बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल के नाम पर हो रहे एक फ्रॉड का भांडाफोड़ किया है। अली ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर उस कंपनी का पर्दफाश किया है जो जैस्मिन और विक्की का नाम लेकर नेटफ्लिक्स के एक शो की कास्टिंग कर रहे थे। एक्टर ने अपनी स्टोरी में साफ-साफ लिखा है कि ये फेक है... ऐसे फ्रॉड्स से सावधान रहें।

क्या है पोस्ट में..

पोस्ट में प्रोजेक्ट का नाम ÒToo Hot To HandleÓ बताया गया है। उसके नीचे जानकारी दी गई है कि लीड रोल के लिए लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है इसमें कुछ बोल्ड सीन भी हो सकते हैं और कुछ नॉर्मल भी। प्लेटफॉर्म का नाम 'नेटफ्लिक्स इंडिया' बताया गया है। जिसके साथ ही ये जानकारी दी गई है सीरीज़ में जैस्मिन भसीन और विक्की कौशल कास्ट होंगे। इसके साथ ही दो आईडी भी दी गई हैं जिसपर लोग अपना पोर्टफोलियो भेज सकते हैं'। इस पोस्ट को अली ने अपने इंस्टा पर शेयर किया और बताया है कि ये पूरी तरह से फ्रॉड है। एक्टर का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

अली के बारे में बात करें तो एक्टर टीवी इंडस्ट्री के जानेमाने चेहरे हैं। लेकिन हाल ही में बिग बॉस 14 में नज़र आने के बाद अली की फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इज़ाफा हुआ है। खासतौर पर अली और जैस्मिन को साथ में देखना फैंस बहुत पसंद करते हैं। दोनों ने बिग बॉस हाउस में ही एक दूसरे के लिए अपने प्यार का इज़हार किया था। अब फैंस को इस बात का इंतज़ार है कि दोनों शादी कब करेंगे? लेकिन अली और जैस्मिन का कहना है कि फिलहाल उनका शादी करने का कोई इरादा नहीं है। वो अभी अपनी लव लाइफ एंजॉय कर रहे हैं।

# हाथ में पहना मंगलसूत्र चर्चा में

मान्यता दत्त के तस्वीर शेयर करते ही इंटरनेट पर हुई वायरल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त भले ही अब एक्टिंग से दूर हो लेकिन वह हमेशा ही लाइम लाइट में बनीं रहती हैं। वह अक्सर अपनी हॉट एंड ब्यूटीफुल तस्वीरों के साथ बच्चों और हसबैंड संग फोटोज और वीडियो शेयर करती रहती हैं। हवीं उनके फैंस भी एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को काफी पसंद करते हैं। उनकी कोई भी तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो हाती है। वहीं अब एक बार फिर मान्यता अपनी एक बेदह ही खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। उनकी ये तस्वीर काफी चर्चा में है। मान्यता दत्त ने अपने इस्टाग्राम अकाउंट पर एक अपनी एक लेस्टेस्ट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वह बेहद ही हॉट एंड ब्यूटीफुल नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में नो मेकअप फेस में नजर आ रही हैं। साथ ही वह बेड पर आराम करती दिख रही है। इस दौरान मान्यता ने व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी है। साथ ही उनके हाथ में ओम लॉकेट वाला मंगलसूत्र नजर आ रहा है। एक्ट्रेस की इस तस्वीर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर फैंस लगातार उनकी तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले मान्यता दत्त ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक बेहद ही खूबसूरत और सिजलिंज तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में महात्मा बुद्ध की विशाल मूर्ति के सामने बैठी नजर आईं थीं। वहीं फोटो में आप देख सकते हैं कि वह पूरी तरह से फॉर्मल लुक में दिख रही हैं। वहीं उनका पोज देने का स्टाइल वाकई आपको दीवाना बना देगा। इस ड्रेस के साथ उन्होंने ब्लैक कलर का चश्मा लगाया हुआ था। अपनी इस फोटो के साथ ही मान्यता ने बेहद ही खास कैप्शन लिखा है। वह लिखती हैं, %जब एक नकारात्मक विचार आपके दिमाग में आए, तो तीन सकारात्मक सोचें। स्क्रिप्ट को पलटने के लिए खुद को प्रशिक्षित करें।% एक्ट्रेस की इस तस्वीर को फैंस काफी पसंद किया था।

## कोविड -19 पर मास्टर स्ट्रोक

# जिले में 77 हजार 191 रिकॉर्ड वैक्सीनेशन

**जबलपुर,यशभारत। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को शुरू हुए कोविड -19 के पर मास्टर स्ट्रोक के महाभियान के पहले ही दिन जिले में वैक्सीनेशन का रिकॉर्ड बना। हर सेंटर्स पर एक स्टार को कमान सौंपी गई थी, जो लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर रहा था। वैक्सीनेशन को लेकर लोगों में उत्साह दिखा। कई सेंटर्स पर लंबी लाइन लगी रही। इसका परिणाम ये रहा कि 60 हजार के टार्गेट की तुलना में जबलपुर में 77 हजार 191 लोगों ने वैक्सीन लगवा ली। यह एक दिन का सर्वाधिक वैक्सीनेशन है।**

Covid-19 Vaccination Update 21-06-2021At 06.00 PM

| S.No. | Name Of Block | No. Of Session | Today Target | Years 18+ Achivement | Years 45+ Achivement | Today Achivement | % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Shahpura | 28 | 5500 | 4597 | 535 | 5132 | 93% |
| 2 | Majholi | 25 | 4500 | 4483 | 818 | 5301 | 118% |
| 1 | Panagar | 24 | 5500 | 5266 | 1490 | 6756 | 123% |
| 4 | Kundam | 23 | 2000 | 1726 | 335 | 2061 | 103% |
| 5 | Patan | 30 | 4500 | 4366 | 985 | 5351 | 119% |
| 6 | Sihora | 30 | 5500 | 4752 | 703 | 5455 | 99% |
| 2 | Bargi/ Barela | 30 | 5500 | 5773 | 1801 | 7574 | 138% |
| 3 | Jabalpur 18+ And 45+ | 139 | 27000 | 25893 | 13668 | 39561 | 147% |
| Grand Total | | 329 | 60000 | 56856 | 20335 | 77191 | 129% |



सोमवार से शुरू हुआ महाभियान सात दिन तक चलेगा। जिले में 5 लाख लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। 320 सेंटर्स में 8 पर को-वैक्सीन की दूसरी डोज लगी। वहीं 312 सेंटर्स पर 18 से अधिक के सभी लोगों को कोवीशील्ड के दोनों डोज लगे।

हर 500 मीटर पर सजे हुए टीकाकरण बूथ, हर बूथ पर लोगों को जागरुक करने के लिए किसी सिलेब्रिटी या जनप्रतिनिधि की मौजूदगी और वैक्सीन लगवाने पर मिलने वाले लाल गुलाब ने टीकाकरण को त्यौहार में बदल दिया है। जिला प्रशासन की इन तैयारियों की लोगों ने जमकर तारीफ भी की है।



### सात दिन में इतना लक्ष्य

जानकारी के मुताबिक सोमवार को 80 हजार वैक्सीन लगाकर रिकॉर्ड बनाने की तैयारी की गई है। इसके लिए रविवार को जिले में 80 हजार डोज भी पहुंच चुके थे। एक हफ्ते तक चलने वाले इस अभियान में जिले के 5 लाख लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन 60 हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य था। पर देर रात गणना के बाद आंकड़ा 77 हजार 191 तक पहुंचा।

### सभी वर्गों से मिले सहयोग से बना रिकार्ड

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने सोमवार को जिले में आयोजित टीकाकरण महाअभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करने पर जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, समाजसेवी संगठनों, व्यापारिक संगठनों एवं पदाधिकारियों सहित पत्रकार एवं मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा है कि समाज के सभी वर्गों से मिले सहयोग की वजह से ही जबलपुर जिले ने टीकाकरण के लिये राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की उपलब्धि हासिल कर सका है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, नगर निगम के कर्मियों, राजस्व, शिक्षा, पुलिस सहित जिला रेडक्रास समिति के सदस्यों, स्वयं सेवी संगठनों के पदाधिकारियों, लेखकों, साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों द्वारा टीकाकरण के लिये वातावरण निर्माण में दिये गये योगदान की सराहना की है। कलेक्टर ने कहा कि जबलपुर वासियों ने टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कर पूरे प्रदेश में संस्कारधानी का नाम रोशन किया है।

कार्यवाही करती पुलिस, नीचे दोनों युवकों के जीवित अवस्था का चित्र

# नई बाइक से माँ नर्मदा के दर्शन कर लौट रहे दो युवकों की मौत

## डिवाइडर से टकराई बाइक , खुल गए सिर

**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर के ग्वारीघाट रोड पर सोमवार की देर रात एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक को कोमा की हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्तीकराया गया है। जिसने उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। ग्वारीघाट पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। ग्वारीघाट टीआई विजय सिंह परस्ते के मुताबिक दोनों युवकों की पहचान मानेगांव रांझी निवासी अजय झारिया (20) और अनिल सेन के रूप में हुई। दोनों बिना नंबर की न्यू बाइक से ग्वारीघाट मां नर्मदा का दर्शन करके घर लौट रहे थे। रात 12.30 बजे के लगभग वे खंदारी नाले की ढलान पर पहुंचे थे। तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। रफ्तार अधिक होने की वजह से दोनों सिर के बल डिवाइडर से टकरा गए। अजय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अनिल सेन को कोमा की हालत में मेडिकल में भर्ती कराया गया था। जिसकी सुबह मौत हो गयी।





### मोबाइल और आधार कार्ड से हुई पहचान

हादसे की खबर मिलते ही मौके पर ग्वारीघाट टीआई और रात्रि गश्त कर रही माढ़ोताल टीआई रीना पांडे पहुंची थीं। युवकों की जेब से मिले मोबाइल और अजय के पास मिले आधार कार्ड से उनकी पहचान हुई। इसके बाद उनके घरवालों को सूचना दी गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### वनवे के कारण हुआ हादसा

खंदारी नाला ग्वारीघाट में सुख सागर वैली के सामने 100 मीटर के हिस्से में रोड का काम चल रहा है। यहीं से रेलवे लाइन का ब्रिज भी बना है। रोड वनवे होने की वजह से दोनों ग्वारीघाट से ढलान वाली रोड से टर्न हो रहे थे, तभी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। दोनों युवकों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। इस कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई और अजय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अनिल सेन की हालत भी नाजुक थी, जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ग्वारीघाट पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### बुझ गए परिवारों के कुल दीपक

सड़क हादस की जैसे ही पीड़ित परिजनों को जानकारी लगी तो वह भागे-भागे अस्पताल पहुंचे। घटना में अजय ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया था, लेकिन अनिल की बचने की उम्मीद थी, जो आज सुबह समाप्त हो गयी। दोनों युवकों की मौत के बाद परिवारों के कुल दीपक बुझ गए। अस्पताल परिसार में दोनों ही परिवारो के परिजन रोते-बिलखते, भाग्य को कोस रहे थे, जिन्हें पुलिस और उनके रिश्तेदारों ने ब-मुश्किल सम्हाला।

# कसरत करने निकले युवक की पानी की टंकी में गिरने से मौत

## बच्चों के सिर से छिन गया पिता का साया

**जबलपुर। थाना तिलवारा के ग्राम घुंसौर में एक युवक की स्कूल के पास स्थित पानी की टंकी से गिरने से मौत हो गयी। युवक शाम को कसरत करने घर से निकला था और टंकी में चढ़ गया। लेकिन अचानक पैर फिसल जाने के कारण वह गिर गया। जख्मी हालत में युवक को मेडिकल में भर्ती कराया गया था, जहां आज उसकी मौत हो गयी।**

**थाना तिलवारा के ग्राम घुंसौर में घटना से सनसनी, पुलिस जांच जारी**

मृतक के दो बच्चे है और वह मजदूरी का कार्य करता था। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि सुवह लगभग 9.15 बजे मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि शेखर बर्मन को घर के पास टंकी से ऊंचाई से गिरने से आयी चोटों के कारण उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था । दौरान उपचार के आज सुवह लगभग 4 बजे शेखर बर्मन उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम घुंसौर थाना तिलवारा की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

### बिलख गया परिवार

थाना प्रभारी पटैल ने बताया कि युवक के दो बच्चे है, जिनके सिर से पिता का साया छिन गया। युवक गांव में ही मजदूरी का कार्य करता था। घटना के बाद आनन-फानन में मेडिकल में इलाज हेतु भर्ती किया गया था, जहां युवक ने आज दम तोड़ दिया। समदे में आए परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# उखरी में नकली बिड़ी कारखाना

## क्राइम ब्रांच का छापा, 1 लाख का 34 पेटी माल बरामद

**जबलपुर,यशभारत।** एक बिड़ी कंपनी के स्टीकर लगाकर बना रहे नकली बिड़ी के कारखाने पर आज क्राइम ब्रांच और कोतवाली थाने ने छापमार कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान कारखाने में नकली न्यू कलकत्ता बिड़ी बनाने के लिए रखी गयी 34 पेटी तम्बाखू जब्त कर, पूछताछ जारी है। कोतवाली थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नर्मदा नसरी स्कूल के पास आज मुखबिर की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई । पुलिस कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में न्यू कलकत्ता बिड़ी बनाने के लिए कारखाने में जर्दा रखी थी। जिसके साथ ही अन्य सामान जब्त किया जा रहा है। श्री गुप्ता ने बताया कि कारखाना जीतेश रजानी का है, जो यहां नकली बिड़ी बानने का कार्य कर रहा था।



### जांच के बाद होगी कार्रवाई

पुलिस की मानें तो कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए माल की जांच कराई जायेगी। साथ ही मुख्य आरोपी कारखाना संचालक जीतेश से पूछताछ जारी है। इस कार्य में अन्य कौन-कौन संलग्र थे और यह मिलकर कैसे बाजार में अपना प्रोटेक्ट उतारते थे, किस डीलर से कार्य करवाते थे सभी की जांच की जा रही है। जिसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

**फोटो- बबलू**

# लोडेड कट्टा सहित दबोचा गया युवक

**जबलपुर यश भारत।** पाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल नाका से पैदल आ रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से एक 12 बोर का लोडेड कट्टा जब्त किया। इस संबंध में पाटन थाना में पदस्थ एसआई रवि उपाध्याय ने बताया कि कंचन नगर कटंगी निवासी 26 वर्षीय रानू पिता मोती लाल विश्वकर्मा संदिग्ध हालत में आज सुबह 12-00 बजे के लगभग दमोह रोड से टोल नाका होते हुए पैदल पाटन की ओर आ रहा था जिसकी भनक पुलिस को लगते ही वह मौके पर पहुंची तो युवक ने भागने का प्रयास किया जिसे बाद में घेराबंदी कर दबोच लिया गया । तलाशी लेने पर उसकी कमर में एक लोडेड कट्टा मिला जिसमें कारतूस भरा हुआ था । आरोपी किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में था उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी आसिफ इकबाल के निर्देशन में आरक्षक दशरथ अनुराग रवि दुबे दीपचंद एवं अन्य स्टाफ द्वारा की गई।

# जबलपुर डीईओ ऑफिस में अतिथि शिक्षक फर्जीवाड़ा

**जबलपुर, यशभारत।** जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर एक बार फिर फर्जीवाड़े को लेकर सुर्खियों में है। अतिथि शिक्षक भर्ती में डीईओ कार्यालय से लंबेस्तर से फर्जीवाड़ा किया गया है और इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब एक आरटीआई कार्यकर्ता को जानकारी दी गई। हालांकि मामले की जांच कराई गई, पर क्या कार्रवाई की गई इसकी जानकारी आरटीआई कार्यकर्ता को नहीं दी गई। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पनागर में फर्जी अतिथि शिक्षकों की जाँच का मामला अभी भी पूरा नहीं हुआ है। भोपाल के अधिकारियों द्वारा अक्टूबर 2020 को जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर को पत्र के माध्यम से जाँच के आदेश दिए। तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एन के चौकसे, प्राचार्य, रानी दुर्गावती स्कूल गढ़ा जबलपुर को जाँच अधिकारी नियुक्त किया। श्री चौकसे द्वारा 1 माह के अंदर जाँच पूर्ण कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को फाइल सौंप दी गई लेकिन कार्यालय द्वारा जाँच फाइल दबा दी गई और भोपाल नहीं भेजी गई। जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि फाइल जून माह के पहले सप्ताह में भेजी गई है। जाँच में क्या सामने आया इसका उत्तर इतने महीनों तक कौन फाइल को दबाकर बैठा रहा? किसके द्वारा फाइल दबाकर रखी गई? फर्जी अतिथि शिक्षकों के नाम क्या हैं? फाइल को दबाकर रखने के पीछे क्या वजह थी ? किसको बचाने की कोशिश की जा रही? क्या सच में उत्कृष्ट विद्यालय पनागर में भ्रष्टाचार, फजीर्वाड़ा और वित्तीय अनियमितता हुई है ? इन सभी प्रश्नों का उत्तर जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर ही दे सकते हैं।

**आरटीआई में खुलासा, फाइल दबाकर बैठे अफसर**

# डीईओ कार्यालय में अतिथि शिक्षकों का हंगामा

**जबलपुर, यशभारत।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अतिथि शिक्षकों ने जबलपुर विकासखंड अधिकारी की मनमानी को लेकर जमकर हंगामा किया। अतिथि शिक्षकों का कहना था कि वेतन के लिए बजट उपलब्ध होने के बाबजूद जबलपुर बीईओ अतिथि शिक्षकों को वेतन मुहैया नहीं करा रही है। इस दौरान अतिथि शिक्षकों ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा। अतिथि शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी एवं प्रवीण कुमार शुक्ला सहित समस्त अतिथि शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन। हेमंत तिवारी एवं प्रवीण कुमार शुक्ला ने बताया कि लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल मप्र के 30 अप्रैल के पत्र क्रमांक शि.अ. / परीक्षा परिणाम / 2021 / 1287 के आदेशानुसार अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल 2021 के बाद भी अग्रिम आदेश तक जारी रखने का आदेश दिया गया है । साथ ही लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल मप्र द्वारा दिनांक 04 जून 2021 के पत्र क्रमांकआर.एम.एस.ए / अति.शि. / 2021-22 / 1347 में अतिथि शिक्षकों के मई एवं जून माह 2021 के मानदेय भुगतान हेतु बजट को आवंटित किया जा चुका है । जिसके तहत जबलपुर जिले को क्रम संख्या 84 से 90 तक क्रमश- जबलपुर ( शहरी ) - 38,60000 रुपए , कुंडम- 27,68000 रुपए , मझौली 23,98000 रुपए , पनागर- 14,32000 रुपए , पाटन- 18,16000 रुपए , शहपुरा- 24,26000 रुपए , सिहोरा- 22,12000 रुपये दिए जा चुके हैं । लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल मप्र द्वारा दिए गये आदेश एवं वेतन बजट के बावजूद जबलपुर बीईओ द्वारा मनमानी पूर्वक अतिथि - शिक्षकों को माह मई एवं जून 2021 का वेतन जारी नहीं किया जा रहा है जबकि जबलपुर के ही अन्य बीईओ एवं मप्र के अन्य सभी जिलों में अतिथि शिक्षकों को माह मई एवं जून 2021 का वेतन जारी किया जा रहा है । इस उपरोक्त विसंगति के विरुद्ध आज हेमंत तिवारी अतिथि शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष एवं प्रवीण कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अतिथि शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को ज्ञापन सौंपा एवं बीईओ जबलपुर द्वारा निकाले गए आदेश की प्रतियाँ जलाकर विरोध दर्ज करवाया गया । प्रवीण कुमार शुक्ला ने बताया कि जबलपुर के ही कुछ संकुलों में एवं प्रदेश के अन्य जिलों में मई 2021 का वेतन जारी किया गया है यह कैसा भेदभाव है ? जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर से मांग है की आप जिले के समस्त संकुल प्राचार्यो सहित हाई - स्कूल एवं हायर सेकेंडरी प्राचार्यों को सभी अतिथि शिक्षकों के मई एवं जून माह का पूर्ण वेतन बिना किसी शर्त के प्रदान करने हेतु तत्काल आदेशित करें । अन्यथा शोषित अतिथि - शिक्षक उग्र - प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे ।

**वेतन के लिए बजट पर बीईओ जबलपुर कर रही मनमानी**



**जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन**

Pure & Tasty AK's Special
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
■ पेट में लंबे समय से तकलीफ
■ लिवर से संबंधित बीमारियां
■ पेंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
■ पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ।। जय बाबा मसान ।। ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
दाह संस्कार पूजन सामग्री
एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जावेगी
9111712445, 8871253911 9111712445, 7999526101
दाह संस्कार सामग्री | खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामाग्री | दशगात पूजन | बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन
दुकान पता: "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )